www.summerexpress.in

SUMMER न्यूज़

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 7:08 बजे
सूर्यास्त शाम 5:24 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-88 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रूपये • बुधवार 3 दिसंबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

## न्यूज़ ब्रीफ

### पीएमओ का नाम बदल कर 'सेवा तीर्थ' किया

**नई दिल्ली**| केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदलकर 'सेवा तीर्थ' करने का फैसला लिया है। इसी क्रम में देशभर के राज्य भवनों का नया नाम अब 'लोक भवन' होगा, जबकि केंद्रीय सचिवालय को आगे से 'कर्तव्य भवन' के नाम से जाना जाएगा। अब राज्यपाल और उप-राज्यपाल के आवास एवं कार्यालय लोक भवन और लोक निवास कहलाएँगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यालय अब 78 साल पुराने साउथ ब्लॉक से हटकर 'सेवा तीर्थ' नाम वाले नए उन्नत परिसर में स्थानांतरित होने वाला है। यह बदलाव सेंट्रल विस्टा परियोजना का प्रमुख हिस्सा है। 14 अक्टूबर को कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन सेवा तीर्थ-2 में सेना प्रमुखों के साथ उच्चस्तरीय बैठक भी कर चुके हैं। सेवा तीर्थ-1 में प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) स्थापित होगा।

### धर्मेंद्र की अस्थियां विसर्जन को हरिद्वार पहुंचीं

**हरिद्वार**|अभिनेता धर्मेंद्र की अस्थियां उत्तराखंड के हरिद्वार में पहुंच गई हैं। परिवार ने हरिद्वार के वीआईपी घाट पर अस्थि विसर्जन की तैयारी की है, जहां सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है। पूरा कार्यक्रम परिवार की मौजूदगी में शांत माहौल में किया जाएगा। धर्मेंद्र के बेटे सनी देओल समेत परिवार के कई सदस्य हरिद्वार पहुंच चुके हैं। हालांकि परिवार ने मीडिया से दूरी बनाए रखने का फैसला लिया है। अस्थियां फिलहाल हरिद्वार के पीलीभीत होटल में सुरक्षित रखी गई हैं और परिवार भी वहीं ठहरा हुआ है।

### तिब्बत की धरती कांपी, 3.3 की तीव्रता

**तिब्बत**| राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के एक बयान में कहा गया है कि मंगलवार को तिब्बत में 3.3 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप 5 किमी की उथली गहराई पर आया, जिससे यह आफ्टरशॉक के लिए अतिसंवेदनशील है। इससे पहले सोमवार को, 50 किमी की गहराई पर 3.3 तीव्रता का एक और भूकंप आया था। उथले भूकंप आमतौर पर गहरे भूकंपों की तुलना में ज़्यादा खतरनाक होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि उथले भूकंपों से उत्पन्न भूकंपीय तरंगों की सतह तक पहुँचने की दूरी कम होती है, जिसके परिणामस्वरूप ज़मीन ज़्यादा हिलती है और संरचनाओं को ज़्यादा नुकसान और ज़्यादा हताहत होने की संभावना होती है।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

### संचार साथी एप पर बवालः प्रियंका बोलीं- सरकार जासूसी करना चाहती

# एसआईआर पर हंगामे के चलते लोकसभा स्थगित

*• केंद्र ने कहा– एप अनिवार्य नहीं, यूज़र्स चाहें तो डिलीट कर सकते हैं*

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

संचार साथी एप को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। दूरसंचार विभाग द्वारा सभी मोबाइल फोन में साइबर सिक्योरिटी एप 'संचार साथी' प्री-इंस्टॉल करने के आदेश के बाद विपक्ष ने सरकार पर निगरानी का आरोप लगाया, जिसके बाद केंद्र सरकार की सफाई सामने आई है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि यह एप अनिवार्य नहीं है और यूजर चाहें तो इसे डिलीट कर सकते हैं।

1 दिसंबर को जारी आदेश में स्मार्टफोन कंपनियों को 90 दिनों के भीतर सभी फोन में यह एप शामिल करने के लिए कहा गया था। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने इस कदम को लोगों की निजी स्वतंत्रता और निजता में दखल बताते हुए कड़ा विरोध जताया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने इस फैसले को लोगों की प्राइवेसी पर



संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया।

सीधा हमला करार देते हुए कहा कि सरकार नागरिकों की निगरानी करना चाहती है।

उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड की रिपोर्टिंग के लिए सिस्टम जरूरी है, लेकिन इस तरह का अनिवार्य एप जासूसी के बराबर है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने भी इसे "पेगासस के बाद नया निगरानी मॉडल" करार दिया। सांसद रेणुका चौधरी ने संविधान के अनुच्छेद 21 का हवाला देते हुए कहा कि यह एप नागरिकों की स्वतंत्रता पर प्रहार है। सांसद शशि थरूर ने कहा कि एप उपयोगी हो सकता है, लेकिन इसे स्वैच्छिक होना चाहिए।

### संसद में एसआईआर पर बवाल, विपक्ष का जोरदार प्रदर्शन

*उधर, संसद के दोनों सदनों में एसआईआर को लेकर भी विपक्ष का हंगामा मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। लोकसभा में कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए वेल में पहुंच गए। 'वोट चोर–गद्दी छोड़' के नारों के बीच प्रश्नकाल चलता रहा, लेकिन विरोध न थमने पर सदन को पहले 12 बजे और फिर 2 बजे तक स्थगित करना पड़ा। गतिरोध को देखते हुए लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने अपने चैंबर में पार्टी नेताओं की बैठक बुलाई। एसआईआर पर हंगामे के चलते लोकसभा कल तक के लिए स्थगित कर दी गई।*

*राज्यसभा में भी विपक्ष ने एसआईआर पर तत्काल चर्चा की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि "लोकतंत्र की रक्षा के लिए विरोध जरूरी है।" इससे पहले विपक्ष ने सुबह संसद परिसर में मकर द्वार के सामने प्रदर्शन कर सरकार से एसआईआर पर तुरंत बहस कराने की मांग दोहराई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में कहा था कि सरकार SIR और चुनावी सुधारों पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष समय सीमा न थोपे। सूत्रों के मुताबिक विपक्ष ने सुझाव दिया है कि जरूरत हो तो चर्चा में एसआईआर शब्द की जगह इलेक्टोरल रिफॉर्म जैसा नाम इस्तेमाल कर लिया जाए। सरकार इस प्रस्ताव पर बिज़नेस एडवाइजरी कमेटी में अपना रुख स्पष्ट करेगी।*

## फूल खिले हैं गुलशन गुलशन...



*__लुधियाना__| पीएयू में 2-3 दिसंबर को आयोजित क्राइज़ेंथेमम फ्लावर शो में सैकड़ों किस्मों के रंग-बिरंगे फूलों के बीच शहरवासी बड़ी संख्या में पहुंचे। कार्यक्रम का आयोजन पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के फ्लोरीकल्चर एंड लैंडस्केपिंग विभाग ने डॉ. मनमोहन सिंह ऑडिटोरियम परिसर के पास किया दो दिवसीय शो में क्राइज़ेंथेमम की विविध श्रेणियां इन्कर्व्ड, रिफ्लेक्स्ड, स्पाइडर, डेकोरेटिव, पॉम्पॉन आदि प्रदर्शित की गईं। पौधों और गार्डनिंग से जुड़े स्टॉल पर पौधे, पॉट्स और गार्डन डेकोर की बिक्री भी हुई, जिसे देखने-खरीदने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी।*

**-फोटो लक्की भट्टी/समर न्यूज़**

### सीबीआई ने पकड़ा जेकेएलएफ का अहम सदस्य शफात शांगलू

## 35 साल बाद रुबैया अपहरण कांड का साजिशकर्ता काबू

**समर न्यूज़ | श्रीनगर**

देश को 1989 में हिला देने वाले डॉ. रुबैया सईद अपहरण कांड में एक महत्वपूर्ण आरोपी को 35 साल बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। सीबीआई ने शफात अहमद शांगलू को हिरासत में लिया, जो 1990 से फरार चल रहा था और जिसके सिर पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था। यह वही मामला है, जिसके चलते वीपी सिंह सरकार को पाँच कैद आतंकवादियों को रिहा करने का फैसला लेना पड़ा था। अब उसे जम्मू की विशेष टाडा अदालत में पेश किया जाएगा।



*रुबैया सईद पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बहन और मुफ्ती मोहम्मद सईद की तीसरी बेटी हैं। दिसंबर 1989 में रुबैया का जेकेएलएफ आतंकियों ने अपहरण कर लिया था। आतंकियों ने उनकी रिहाई के बदले अपने पाँच साथियों को जेल से छुड़ाने की माँग रखी। करीब छह दिनों की बातचीत के बाद, केंद्र सरकार ने भारी राजनीतिक दबाव और तत्कालीन सीएम फारूक अब्दुल्ला के विरोध के बावजूद यह मांग मान ली। इसके कुछ घंटे बाद ही रुबैया को छोड़ दिया गया।*



*श्रीनगर के इश्बर निशात क्वार्टर का निवासी है। लंबे समय तक जेकेएलएफ के फाइनेंस नेटवर्क का हिस्सा रहा। 2019 में एनआईए ने आतंकी फंडिंग केस में गिरफ्तार किया। पिछले वर्ष इसी मामले में दोषी करार दिया गया। जांच एजेंसियों का कहना है कि शफात इस अपहरण योजना का मुख्य रणनीतिकार था। वह जेकेएलएफ के वित्तीय संचालन को संभालता था। सीबीआई की यह ताज़ा गिरफ्तारी तीन दशक पुराने इस सबसे चर्चित आतंकी मामले को एक बार फिर सुर्खियों में ला रही है।*

## कैप्टन के गठबंधन सुझाव से भाजपा ने बनाई दूरी

### ▪ अश्वनी शर्मा बोले-यह उनका निजी मत, पार्टी पंजाब में अकेले चुनाव लड़ेगी

**चंडीगढ़**| पंजाब भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने साफ कहा है कि पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव में सभी 117 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा संगठनात्मक स्तर पर पूरी मजबूती से स्वतंत्र रूप से मैदान में उतरने की रणनीति बना चुकी है। कैप्टन अमरिंदर सिंह की उस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए, जिसमें उन्होंने कहा था कि 2027 में सत्ता में आने के लिए भाजपा को अकाली दल के साथ जाना ही पड़ेगा। अश्वनी शर्मा ने कहा कि कैप्टन वरिष्ठ नेता हैं, पर यह उनका व्यक्तिगत विचार है। शर्मा ने हरसिमरत कौर बादल के बयान पर भी तंज किया कि भाजपा अकेले सरकार नहीं बना सकती। राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है। जिनके पास आज सत्ता है, उनकी जीत की भी कभी किसी ने कल्पना नहीं की थी, यहाँ तक कि उन्होंने खुद भी नहीं।



अश्वनी शर्मा।

### हरसिमरत कौर बादल का पलटवार

अकाली दल की वरिष्ठ नेता हरसिमरत कौर बादल ने कहा कि भाजपा बिना गठबंधन के पंजाब में सरकार नहीं बना सकती। उन्होंने कहा कि जो नेता वास्तविक जमीनी स्थिति जानते हैं, जैसे कि सुनील जाखड़ या कैप्टन अमरिंदर सिंह वे इस सच्चाई को स्वीकार करते हैं। लेकिन, उनके शब्दों में, "दिल्ली में बैठे कुछ लोग भाजपा को ऐसे सुझाव देते रहते हैं, जो अपने निजी हितों को बचाने के लिए गठबंधन से डरते हैं। उन्हें पंजाब की जमीन की समझ नहीं है।"हरसिमरत ने कृषि कानूनों के विरोध में अपने मंत्री पद से इस्तीफा देने को याद करते हुए कहा कि उन्होंने किसानों के हित में निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि लोग तो छोटी से छोटी कुर्सी नहीं छोड़ते, लेकिन मैंने किसानों की आवाज़ सुनी और पद त्याग दिया।



हरसिमरत कौर।

### बिजली संशोधन विधेयक के खिलाफ विरोध

## 5 को पंजाब में 2 घंटे का रेल रोको

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

पंजाब में बिजली संशोधन विधेयक 2025 को लेकर किसानों का विरोध एक बार फिर तेज हो गया है। किसान मज़दूर मोर्चा (भारत) पंजाब चैप्टर ने 5 दिसंबर को राज्यव्यापी दो घंटे के 'रेल रोको' आंदोलन की घोषणा की है। यह विरोध दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक चलेगा, जिसमें किसान 19 जिलों के 26 स्थानों पर रेलवे पटरियों पर बैठकर ट्रेनों की आवाजाही को प्रतीकात्मक रूप से रोकेंगे। मोर्चा का आरोप है कि प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक ग्रामीण उपभोक्ताओं पर भारी बोझ डालेगा, आवश्यक सेवाओं को निजी हाथों में सौंपेगा और गाँवों में प्रीपेड बिजली मीटर जबरन लागू करेगा। किसान पुराने मीटर फिर से लगवाने और सार्वजनिक संपत्तियों की बिक्री जैसे फैसलों को वापस लेने की भी मांग कर रहे हैं। किसान संगठनों ने इसे शांतिपूर्ण और अनुशासित विरोध करार देते हुए कहा कि लंबे समय से उनकी चिंताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है।

**▪ कहां-कहां होगा 'रेल रोको'**

अमृतसर में देवीदासपुरा, मजीठा, बटाला, गुरदासपुर, डेरा बाबा नानक, पठानकोट में परमानंद फाटक, तरनतारन रेलवे स्टेशन, इन स्थानों पर दो घंटे तक रेल संचालन बाधित रहने की संभावना है।

## सिद्धारमैया बोले- आलाकमान जब कहेगा, डीके सीएम बनेंगे

**कर्नाटक**| कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर जारी अटकलों के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को स्पष्ट संकेत दिया कि फैसला पूरी तरह कांग्रेस हाईकमान पर निर्भर है। उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के साथ दूसरी 'ब्रेकफास्ट मीटिंग' के बाद उन्होंने कहा कि "जब आलाकमान कहेगा, डीके मुख्यमंत्री बनेंगे।"

उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी नेतृत्व के भीतर कोई मतभेद नहीं हैं और सरकार पूरी एकजुटता के साथ काम कर रही है। मंगलवार सुबह सिद्धारमैया, डी.के. शिवकुमार के आवास पहुंचे, जहां दोनों के बीच लगातार दूसरी बार नाश्ते पर बातचीत हुई। पहली बैठक की इडली–उपमा मेन्यू के बाद, इस बार डीके शिवकुमार ने मुख्यमंत्री की मेहमाननवाज़ी नाटी चिकन और इडली से की। सिद्धारमैया ने कहा-"कोई मतभेद नहीं हैं। डीके शिवकुमार और मैं पूरी तरह एक हैं। सरकार हम दोनों मिलकर चला रहे हैं और आगे भी ऐसे ही चलाते रहेंगे।" डीके शिवकुमार के भाई और सांसद डी.के. सुरेश भी इस बैठक में मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 8 दिसंबर को सांसदों की बैठक बुलाने पर सहमति हुई है, जिसमें किसानों के मुद्दों, राज्य की चुनौतियों और राजनीतिक हालात पर चर्चा होगी।

## मोगा में 32 घंटे बाद खत्म हुई 'फ्री बैठे रहने' की अनोखी प्रतियोगिता; दो संयुक्त विजेता चुने

**मोगा**| मोगा में आयोजित फ्री बैठे रहने की अनोखी प्रतियोगिता 32 घंटे बाद समाप्त हुई। घोलियां खुर्द में हुई इस प्रतियोगिता में दोनों संयुक्त विजेता 31 घंटे 4 मिनट तक लगातार बैठे रहे। पहला स्थान नथके के रहने वाले सतबीर सिंह और रोली गाँव के लाभप्रीत सिंह को मिला। दोनों ने बिना खाना, पानी और मोबाइल फोन के पूरी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। तीसरा स्थान धुड्डीके के चानण सिंह को मिला, जिन्होंने 29 घंटे लगातार बैठकर एक अनोखा रिकॉर्ड बनाया। लोगों को मोबाइल फोन से दूर रहने और किताबों से जुड़ने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता करवाई गई थी। पंजाब भर से 55 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। घोलियां खुर्द में रविवार को शुरू हुई इस प्रतियोगिता के 11 कड़े नियम थे। प्रतिभागियों को किताब पढ़ने और सिमरन करने की अनुमति थी। मोबाइल फोन का उपयोग प्रतिबंधित था। वे आपस में बात कर सकते थे, लेकिन झगड़ा करने पर तुरंत अयोग्य करार दिया जाता। अंत में, केवल तीन लोग ही सभी नियमों पर खरे उतर पाए। प्रतियोगिता के 12 से 24 घंटे के बीच 53 लोग बाहर हो गए। संयुक्त विजेता सतबीर सिंह और लाभप्रीत सिंह को एक साइकिल और 3,500 रुपये का नकद पुरस्कार दिया। तीसरे स्थान पर रहे चानण सिंह को 1,500 रुपये मिले।



**प्रतियोगिता के संयुक्त विजेता सतबीर और लाभप्रीत। -समर न्यूज़**

## पेज 1 एंकर स्टोरी

### 50+ रूसी सुरक्षा अधिकारी कई दिनों से दिल्ली में सक्रिय

# पुतिन की यात्रा से पहले दिल्ली में उतरे रूसी कमांडो, हाई-अलर्ट

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

दिल्ली इस समय एक बहु-स्तरीय, अत्यंत सख्त सुरक्षा तंत्र के घेरे में आ चुकी है, क्योंकि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा की तैयारियाँ चरम पर हैं। पुतिन के आधिकारिक कार्यक्रमों को गोपनीय रखा गया है, पर माना जा रहा है कि 4–5 दिसंबर को होने वाली उच्चस्तरीय द्विपक्षीय वार्ताओं से पहले रूस की "इनर प्रोटेक्शन यूनिट" पिछले कई दिनों से राजधानी में मौजूद है।

सूत्रों के अनुसार, 50 से अधिक रूसी सुरक्षा विशेषज्ञ पहले ही दिल्ली पहुँच चुके हैं और उन्होंने संभावित यात्रा मार्गों, मुख्य



कार्यक्रम स्थलों, वैकल्पिक रूट्स और हाई-सेंसेटिव ज़ोन्स का गहन विश्लेषण शुरू कर दिया है।

रूसी सुरक्षा दल केवल सतही निगरानी तक सीमित नहीं है, बल्कि होटलों के आंतरिक सुरक्षा प्रोटोकॉल, एयरपोर्ट के विशेष लैंडिंग ज़ोन, इमरजेंसी एवैक्यूएशन रूट्स, और दिल्ली के संवेदनशील क्षेत्रों की माइक्रो-मैपिंग पर भी लगातार काम कर रहा है।

AI-सक्षम निगरानी सिस्टम, एंटी-ड्रोन तकनीक, स्नाइपर प्वाइंट्स, और 24×7 कमांड-कंट्रोल रूम तैयार किए जा रहे हैं। दिल्ली पुलिस, स्पेशल सेल, SPG और केंद्रीय एजेंसियाँ रूस की "कोर सिक्योरिटी टीम" के साथ मिलकर सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप दे रही हैं। भारत बाहरी सुरक्षा, ट्रैफिक प्लान और लॉजिस्टिक सपोर्ट को संभाल रहा है, जबकि अंतिम सुरक्षा नियंत्रण और प्रोटोकॉल रूस के हाथ में होंगे—यह पुतिन की विदेशी यात्राओं में सामान्य प्रथा मानी जाती है।

### उच्चस्तरीय रूसी प्रतिनिधिमंडल भी पहुंचने को तैयार

पुतिन के साथ आने वाला रूसी दल काफी बड़ा बताया जा रहा है, जिसमें रक्षा, विदेश नीति, ऊर्जा सहयोग, विज्ञान-तकनीक, और अंतरराष्ट्रीय रणनीति से जुड़े शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे। उनके लिए विशेष भोजन प्रबंध, मेडिकल-इवैक्यूएशन राहें और अलग सुरक्षा परतें बनाई जा रही हैं।

### भारत - रूस आर्थिक संबंधों को नई रफ्तार

फिलहाल दोनों देशों के बीच व्यापार 65–66 अरब डॉलर के स्तर पर पहुँच चुका है। लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक इसे 100 अरब डॉलर तक बढ़ाया जाए। रूसी कच्चे तेल पर भारत की निर्भरता ने व्यापारिक रिश्तों को और मजबूत किया है, जबकि भारत दवाइयों, इंजीनियरिंग उत्पादों, इलेक्ट्रॉनिक्स और कृषि निर्यात को और आगे बढ़ाना चाहता है।

## कुवैत-हैदराबाद इंडिगो फ्लाइट बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई**|कुवैत से हैदराबाद आ रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6E-1234 को मंगलवार सुबह बम की धमकी के बाद मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। अधिकारियों के मुताबिक, हैदराबाद एयरपोर्ट को एक ईमेल मिला था, जिसमें विमान में बम होने की बात लिखी थी। इसके बाद तुरंत सभी एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक एयरबस A321-251NX विमान रात 1:56 बजे कुवैत से उड़ा था और सुबह 8:10 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया। विमान को सुरक्षित तरीके से उतारकर एयरपोर्ट के अलग-थलग इलाके में ले जाया गया है।

### पाकिस्तान में बड़ा राजनीतिक बवाल

## खैबर में राष्ट्रपति शासन की तैयारी, इमरान के समर्थक इकट्ठे

**एजेंसी | रावलपिंडी**

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सेहत को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (PTI) के हजारों समर्थक रावलपिंडी की अडियाला जेल के बाहर जमा हो गए हैं। विरोध प्रदर्शनों को रोकने के लिए पाकिस्तान सुरक्षा बलों ने पूरे रावलपिंडी में धारा 144 लागू कर दी है। इसके बावजूद, इमरान खान के समर्थक बड़ी संख्या में जेल के बाहर पहुंच रहे हैं। इस बीच, पाकिस्तानी सरकार ने खैबर पख्तूनख्वा (KPK) में राष्ट्रपति शासन लागू करने की तैयारियाँ भी तेज कर दी हैं।

पीटीआई के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने जाती उमरा से अडियाला जेल तक जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों को सील कर दिया है। इस्लामाबाद हाई कोर्ट के बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और पूरे क्षेत्र में धारा 144 लागू है।

वास्तव में, अडियाला जेल में बंद इमरान खान की स्वास्थ्य स्थिति और उनकी लोकेशन पर रहस्य और गहरा हो गया है। सोशल मीडिया पर उनकी मृत्यु की अफवाहें तेजी से फैल गईं, जिसके बाद पाकिस्तान के कई शहरों में व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। इमरान के बेटों ने अधिकारियों से यह साबित करने की मांग की है कि उनके पिता जिंदा हैं, जबकि इमरान की बहनों ने जेल अधीक्षक और अन्य अधिकारियों के खिलाफ अदालत में मानहानि याचिका दायर की है।

# संसद में 8 दिसंबर को 'वंदे मातरम' पर विशेष चर्चा; पीएम मोदी करेंगे संबोधन

## 9–10 दिसंबर को SIR पर जोरदार बहस

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र में अगले सप्ताह दो अहम विषयों पर विस्तृत बहस होने जा रही है। सोमवार 8 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने पर विशेष चर्चा आयोजित की जाएगी। इस चर्चा के लिए 10 घंटे का समय तय किया गया है और इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं करेंगे। इसके बाद 9 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से चुनाव सुधारों (SIR) पर बहस होगी, जिसके लिए भी 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। इस पर सरकार की ओर से जवाब 10 दिसंबर को केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल देंगे।

**150 वर्ष पूरे होने पर 'वंदे मातरम' पर व्यापक विमर्श**

एक वरिष्ठ सांसद के अनुसार, वंदे मातरम के सवा सौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संसद में ऐतिहासिक बहस आयोजित की जा रही है। इसमें भारत की सांस्कृतिक विरासत, स्वतंत्रता आंदोलन में वंदे मातरम की भूमिका और आज के भारत में इसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से विचार किया जाएगा। 'वंदे मातरम' की रचना बंकिम चंद्र चटर्जी ने की थी और यह 7 नवंबर 1875 को पहली बार साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में प्रकाशित हुआ था। बाद में इसे उनके प्रसिद्ध उपन्यास 'आनंदमठ' (1882) में शामिल किया गया। इस भजन को रवींद्रनाथ टैगोर ने स्वरबद्ध किया था। यह गीत भारत की राष्ट्रीय चेतना और स्वतंत्रता संघर्ष का अभिन्न हिस्सा माना जाता है। 7 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी ने राजधानी दिल्ली में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर वर्षभर चलने वाले समारोह का शुभारंभ किया था।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फोटो- समर न्यूज़

**SIR पर सरकार-विपक्ष आमने-सामने** : SIR (चुनावी सुधार प्रस्ताव) को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच तकरार जारी है। विपक्ष लगातार SIR पर तत्काल चर्चा की मांग कर रहा है और इसे अन्य कार्यों से प्राथमिकता देने की बात पर अड़ा हुआ है। संसदीय कार्य मंत्री किरें रिजिजू ने कहा कि सरकार चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन सत्र की शुरुआत 'वंदे मातरम' पर विशेष बहस से ही होगी। वहीं विपक्ष का कहना है कि SIR देश की चुनाव प्रणाली से जुड़ा मुद्दा है और इस पर पहले बहस कराई जाए।

# पंजाब का सीमावर्ती जिला बढ़ते खतरे में

समर न्यूज़ | अमृतसर

अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ती ड्रोन गतिविधि ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। बीएसएफ द्वारा स्थापना दिवस समारोह के बीच भारत-पाक सीमा से सटे चार गांवों में ड्रोन मूवमेंट दर्ज की गई, जिसके बाद तस्करों की बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए 7 करोड़ रुपये की हेरोइन, एक पाकिस्तानी ड्रोन, एक पिस्टल, छह कारतूस, पिस्टल पार्ट और 120 ग्राम अफीम बरामद की गई। पहला मामला अटारी बॉर्डर से सटे काहनगढ़ गांव का है, जहां 529 ग्राम हेरोइन और हथियारों के पुर्जे मिले। दूसरा मामला धनौवा कला गांव का है, जो तस्करी के लिए कुख्यात है, वहां पिस्टल और 120 ग्राम अफीम जब्त हुई। तीसरे मामले में अल्ला बख्श गांव से 527 ग्राम हेरोइन का पैकेट मिला, जिस पर इल्यूमिनेशन स्टिक लगी हुई थी। चौथे मामले में नेष्टा गांव से एक मिनी पाकिस्तानी ड्रोन पकड़ा गया, जो फेंसिंग से कुछ ही दूरी पर है।

# 3 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रेंट कलेक्टर रंगे हाथों काबू

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही अपनी मुहिम के दौरान पंजाब वक़्फ़ बोर्ड, ज़ीरा (ज़िला फिरोज़पुर) में तैनात रेंट कलेक्टर मोहम्मद इक़बाल को रिश्वत की दूसरी किस्त के रूप में 3,00,000 रुपये लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आज यहां इस संबंध में जानकारी देते हुए विजिलेंस ब्यूरो के आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता गुरुद्वारा सिंह सभा, ज़ीरा, ज़िला फिरोज़पुर का निवासी है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो से संपर्क कर आरोप लगाया कि उक्त रेंट कलेक्टर उसे वक़्फ़ बोर्ड ज़ीरा द्वारा अलॉट की गई ज़मीन का कब्ज़ा देने के बदले वरिष्ठ अधिकारी के नाम पर 5,40,000 रुपये रिश्वत मांग रहा है। इस संबंध में आरोपी पहले ही शिकायतकर्ता से पहली किस्त के तौर पर 70,000 रुपये की टोकन मनी ले चुका था। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता वक़्फ़ बोर्ड ज़ीरा के नाम पर चेकों के माध्यम से 2.98 लाख रुपये की सरकारी फीस पहले ही अदा कर चुका था, जिसमें वक़्फ़ बोर्ड ज़ीरा से लीज़ पर ली जाने वाली संपत्ति के किराये की राशि भी शामिल थी। यही चेक विजीलेंस ब्यूरो की टीम ने आरोपी रेंट कलेक्टर मोहम्मद इक़बाल के कार्यालय से छापेमारी के दौरान बरामद किए। प्रवक्ता ने आगे कहा कि शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की विजिलेंस ब्यूरो टीम ने एक जाल बिछाया, जिसके दौरान आरोपी को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से दूसरी किस्त के रूप में 3,00,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।

# DIG फिरोजपुर रेंज हरमनबीर सिंह गिल का तबादला

समर न्यूज़ | तरनतारन



पंजाब पुलिस में एक बार फिर बड़ा फेरबदल किया गया है। राज्य सरकार ने दो आईपीएस अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं, जिसके तहत DIG फिरोजपुर रेंज हरमनबीर सिंह गिल का तबादला कर उन्हें PAP जालंधर भेज दिया गया है। उनकी जगह अब DCP लुधियाना (लोकल) स्नेहदीप शर्मा, IPS को फिरोजपुर रेंज का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। होम डिपार्टमेंट द्वारा जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक यह बदलाव तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया गया है। तरनतारन जिले में हाल ही में हुए उपचुनावों को देखते हुए चुनाव आयोग और DGP कार्यालय ने पिछले दो महीनों में पुलिस विभाग में कई तरह की कार्रवाई की थी। कई कर्मचारियों को दूसरे जिलों में भेजा गया, जबकि कुछ अधिकारियों को निलंबित भी करना पड़ा।

# जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में बड़ा बदलाव

## उम्मीदवार अब एनओसी की जगह दे सकेंगे हलफनामा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब में प्रस्तावित ज़िला परिषद और पंचायत समिति चुनावों को लेकर राज्य चुनाव आयोग ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब उम्मीदवारों को नामांकन दाखिल करने के लिए अनिवार्य रूप से NOC (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) देने की आवश्यकता नहीं होगी। इसकी जगह उम्मीदवार हलफनामा (Affidavit) जमा करवाकर नामांकन प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। यह फैसला उन बढ़ती शिकायतों के बाद लिया गया है जिनमें राजनीतिक दलों ने आरोप लगाया था कि उम्मीदवारों को NOC समय पर उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा था।



राज्य चुनाव आयोग के अनुसार, कई क्षेत्रों से यह शिकायतें मिली थीं कि NOC न मिलने से उम्मीदवारों को नामांकन भरने में दिक्कत हो रही है। कुछ राजनीतिक दलों ने इसे चुनाव प्रक्रिया में अनावश्यक बाधा तक करार दिया था।

सबसे पहले अकाली दल ने चुनाव आयोग को इस संबंध में शिकायत दी थी। इसके बाद कांग्रेस ने भी पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी को पत्र लिखकर त्वरित हस्तक्षेप की मांग की। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग ने अपने पत्र में आरोप लगाया था कि कांग्रेस उम्मीदवारों को NOC या तो बहुत देर से जारी की जा रही है या फिर सीधे तौर पर मना किया जा रहा है। उन्होंने इसे उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने से रोकने का प्रयास बताया।

राजनीतिक दलों की इन शिकायतों और प्रक्रियागत दिक्कतों को देखते हुए राज्य चुनाव आयोग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए NOC की बजाय हलफनामा देने का प्रावधान लागू कर दिया। आयोग का कहना है कि हलफनामे के माध्यम से उम्मीदवार स्वयं यह घोषित करेगा कि उसके खिलाफ किसी तरह की आपत्ति नहीं है, जिससे नामांकन प्रक्रिया सरल और पारदर्शी हो जाएगी।

इस फैसले से चुनाव प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है और ऐसे उम्मीदवारों को राहत मिलेगी जो NOC न मिलने के कारण नामांकन दाखिल करने की समय-सीमा को लेकर चिंतित थे। आयोग के निर्णय को राजनीतिक दलों और संभावित उम्मीदवारों ने स्वागत योग्य कदम बताया है।

# 10 ग्राम हेरोइन सहित नशा तस्कर काबू



पकड़ा गया आरोपी पुलिस के साथ। - समर न्यूज़

गुरमीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

"युद्ध नशों के विरुद्ध" अभियान के तहत लुधियाना कमीश्नरेट पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 10 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना डिवीजन नंबर-2 की पुलिस टीम नियमित गश्त के दौरान पुरानी जेल रोड स्थित चिल्ड्रन पार्क के पास पहुंची। इसी दौरान पुलिस को एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया, जिसे रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में उसके कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान अंशू निवासी इस्लाम गंज, लुधियाना के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे मौके पर ही काबू कर एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह नशा कहां से लाता था और उसके नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल है। पुलिस का कहना है कि नशा तस्करी से जुड़े हर व्यक्ति की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


# दिल्ली के प्रदूषण के लिए पंजाब नहीं, दिल्ली की इंडस्ट्री और ट्रैफिक जिम्मेदार: धालीवाल

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

पंजाब के कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर स्पष्ट कहा कि दिल्ली में बढ़ रहे प्रदूषण के लिए पंजाब या पंजाब के किसानों को गलत तरीके से बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि प्रदूषण की सबसे बड़ी वजह दिल्ली में कूड़ा जलाना, भारी ट्रैफिक और बेहिसाब बढ़ रही इंडस्ट्री है। धालीवाल ने बताया कि संसद में केंद्रीय मंत्री द्वारा खुद पेश किए गए आंकड़ों ने स्पष्ट कर दिया है कि पंजाब में किसानों द्वारा पराली जलाने के मामलों में 90 फीसदी की भारी कमी आई है। इसके बावजूद भाजपा पंजाब को दोषी ठहराने की कोशिश कर रही है, जबकि वास्तविकता पूरी तरह अलग है। धालीवाल ने कहा कि दिल्ली में कूड़े का बड़े पैमाने पर निपटान आग लगाकर किया जाता है, जो प्रदूषण का सबसे प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि अब जब तथ्य सामने आ चुके हैं, तो यह साफ हो गया है कि न तो पंजाब और न ही किसान दिल्ली की हवा खराब करने के लिए जिम्मेदार हैं। मंत्री ने आगे कहा कि दिल्ली की फैक्ट्रियों और बेहताशा बढ़ते वाहनों से निकलने वाला धुआं प्रदूषण को और भयावह बना रहा है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि अब भाजपा बताए कि दिल्ली के प्रदूषण की असली वजह कौन है, क्योंकि उनके ही मंत्री ने संसद में सच उजागर कर दिया है।


कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल - समर न्यूज़

# लोक सभा अध्यक्ष ने मनोहर जोशी को पुष्पांजलि अर्पित की


लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री मनोहर जोशी की जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों, लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी श्री मनोहर जोशी को पुष्पांजलि अर्पित की।


इस अवसर पर, संसद ग्रंथालय द्वारा संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में श्री मनोहर जोशी के जीवन पर आधारित पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया। श्री मनोहर जोशी 2002 से 2004 तक लोक सभा अध्यक्ष रहे।

# वित्त मंत्री चीमा ने बैंक के 31 लाख रुपये के योगदान को बताया सराहनीय कदम

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी (CSR) की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि हर कॉर्पोरेट इकाई को समाज पर अपने प्रभाव के प्रति पूरी तरह उत्तरदायी बने रहने के लिए CSR गतिविधियाँ अवश्य करनी चाहिए। वित्त मंत्री ने यह टिप्पणी कैपिटल स्मॉल फ़ाइनेंस बैंक से 'मुख्यमंत्री रंगला पंजाब फ़ंड' के लिए औपचारिक रूप से प्राप्त योगदान के समय की।

फ़ंड में योगदान के रूप में कैपिटल स्मॉल फ़ाइनेंस बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सर्वजीत सिंह समरा ने 31 लाख रुपये का चेक वित्त मंत्री को सौंपा। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बैंक द्वारा फंड में उदारतापूर्वक योगदान देने की पहल और संस्था की सामाजिक ज़िम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की।



वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा - समर न्यूज़

इस फ़ंड के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि 'मुख्यमंत्री रंगला पंजाब फ़ंड' में प्राप्त योगदान का उपयोग विशेष रूप से उन परिवारों को सहायता प्रदान करने के लिए किया जा रहा है, जिन्होंने इस वर्ष भयंकर बाढ़ का सामना किया है। उन्होंने कहा कि कैपिटल स्मॉल फ़ाइनेंस बैंक का यह महत्वपूर्ण योगदान प्रभावित परिवारों के लिए जारी राहत और पुनर्वास प्रयासों में प्रत्यक्ष रूप से सहायक सिद्ध होगा।

## रेलवे विभाग की बड़ी कार्रवाई

# फिरोजपुर मंडल में बिना टिकट यात्रियों पर सख्त अभियान तेज

समर न्यूज़ | फिरोजपुर

फिरोजपुर मंडल रेलवे प्रशासन ने ट्रेनों में बिना टिकट और अनियमित रूप से यात्रा कर रहे यात्रियों पर नकेल कसने के लिए टिकट चेकिंग अभियान को और अधिक तीव्र कर दिया है। मंडल के टिकट निरीक्षक दल और मुख्य टिकट निरीक्षकों द्वारा नवंबर 2025 भर में लगातार ट्रेनों में जांच अभियान चलाया गया, जिसमें कुल 44,715 यात्री बिना टिकट या अनियमित यात्रा करते हुए पकड़े गए। इनसे वसूले गए जुर्माने और अतिरिक्त किराए से रेलवे को करीब 3.16 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

रेलवे के अनुसार, नवंबर 2025 में टिकट चेकिंग से प्राप्त राजस्व पिछले वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक रहा, वहीं रेलवे मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा तय किए गए लक्ष्य से 24 प्रतिशत अधिक सफलता हासिल की गई। टिकट चेकिंग के साथ-साथ मंडल प्रशासन ने स्टेशनों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी सख्ती दिखाते हुए नियमित निरीक्षण किए।



स्वच्छता अभियान के तहत, 380 यात्रियों को स्टेशन परिसर में कूड़ा-करकट फैलाने और गंदगी करने पर एंटी-लिटरिंग एक्ट के तहत दंडित किया गया और उनसे 64 हजार रुपये से अधिक जुर्माना वसूला गया। अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और नियमों की पालना सुनिश्चित करने हेतु ऐसे निरीक्षण भविष्य में भी जारी रहेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने बताया कि टिकट चेकिंग का उद्देश्य न केवल जुर्माना वसूलना है, बल्कि यात्रियों को नियमित टिकट से ही यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। उन्होंने कहा कि यह अभियान पूरे मंडल में लगातार जारी रहेगा। वहीं, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक परमदीप सिंह सैनी ने कहा कि यह उपलब्धि टिकट चेकिंग स्टाफ की सक्रियता और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने बताया कि अनियमित यात्रा रोकने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए यात्रियों को जागरूक करने हेतु लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं।

# पंजाब में चार दिन बाद खत्म हुई बसों की हड़ताल, रोडवेज सेवाएं पटरी पर लौटीं

समर न्यूज़ | अमृतसर

पंजाब में चार दिनों से जारी बसों की हड़ताल आखिरकार समाप्त हो गई है, जिससे आम जनता को बड़ी राहत मिली है। किलोमीटर स्कीम टेंडर के विरोध में पंजाब रोडवेज कॉन्ट्रैक्ट वर्कर यूनियन के कर्मचारी पिछले कई दिनों से काम पर नहीं लौट रहे थे, जिसके कारण राज्य भर में रोडवेज और पनबस की नियमित सेवाएं प्रभावित थीं। रोजमर्रा की यात्रा करने वाले यात्रियों, छात्रों और नौकरीपेशा लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

आज सुबह यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बैठक के बाद हड़ताल खत्म करने और ड्यूटी पर वापस लौटने का निर्णय लिया। कर्मचारियों के ड्यूटी ज्वाइन करते ही अमृतसर सहित राज्य के विभिन्न बस अड्डों पर बसों का आवागमन दोबारा शुरू हो गया। बसों के पहिए चलने से यात्रियों के चेहरों पर राहत साफ देखी गई। यूनियन के अधिकारियों ने बताया कि सरकार के साथ बातचीत जारी रहेगी और उनकी मांगों पर सकारात्मक समाधान की उम्मीद है, लेकिन आम जनता की परेशानी को ध्यान में रखते हुए फिलहाल हड़ताल समाप्त की गई है। दूसरी ओर, विभागीय अधिकारियों ने भी सामान्य सेवाएं बहाल होने पर संतोष जताया और कहा कि जल्द ही पूरे रूटों पर बसें नियमित रूप से संचालित होंगी।


बस स्टैंड पर खड़ी बसें - समर न्यूज़

हड़ताल खत्म होने के बाद पंजाब की सड़कों पर फिर से रोडवेज और पनबस की आवाजाही शुरू हो जाने से राज्य में परिवहन व्यवस्था एक बार फिर पटरी पर लौटती दिखाई दे रही है।

प्रदर्शन

## आउटसोर्स की नौकरी दिलवाने के नाम पर मित्र मंडली वसूल रही लाखों : जयराम ठाकुर

# जॉब ट्रेनी पॉलिसी के विरोध में भाजपा विधायक दल ने विधानसभा परिसर में किया प्रदर्शन

समर न्यूज़ | धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश विधानसभा परिसर में मंगलवार को राजनीतिक माहौल तब गर्म हो गया जब भारतीय जनता पार्टी विधायक दल ने नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने सरकार की जॉब ट्रेनी पॉलिसी को पूरी तरह युवा-विरोधी बताते हुए इसके तुरंत वापस लेने की मांग की और सरकार को उसकी दस चुनावी गारंटियों की याद दिलाई। जयराम ठाकुर ने मीडिया से बातचीत में आरोप लगाया कि चुनावों के दौरान कांग्रेस नेताओं ने पाँच लाख रोजगार देने और पहले कैबिनेट में एक लाख स्थायी नौकरी प्रदान करने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद उन्होंने इन वादों की ओर मुड़कर भी नहीं देखा। उन्होंने कहा कि पक्की नौकरियों की बजाय सरकार "मित्र मंडली" को लाभ पहुंचाने के लिए आउटसोर्स एजेंसियों के माध्यम से भर्ती कर रही है, जबकि 10 हजार से अधिक युवाओं की नौकरियां छीन ली गई हैं। ठाकुर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के करीबी लोगों द्वारा अपने नाम पर आउटसोर्स एजेंसियां संचालित की जा रही हैं, और इन्हीं एजेंसियों के जरिए युवाओं से नौकरी देने के नाम पर लाखों रुपये वसूले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ "आउटसोर्स माफिया" मुख्यमंत्री के साथ हेलीकॉप्टर में घूमते हैं, ताकि लोगों को लगे कि वे उनके अत्यंत करीबी हैं और आसानी से उनसे पैसे निकलवा लिए जाएं। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि हाई कोर्ट ने भी इन आउटसोर्स कंपनियों की क्षमता पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि तीन साल बाद भी कर्मचारी चयन आयोग पूरी तरह कार्यात्मक नहीं हो पाया है, जिससे साफ है कि सरकार युवाओं को नौकरी देने को लेकर गंभीर नहीं है। पुलिस भर्ती में पेपर लीक, सामूहिक नकल, सीसीटीवी बंद होने समेत कई अनियमितताओं की शिकायतों के बावजूद सरकार ने कार्रवाई नहीं की। छात्रों की निशानदेही पर पकड़े गए पेपर सॉल्वर के बावजूद मामला दबा दिया गया और अब यह न्यायालय में लंबित है।


पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर - समर न्यूज़

भाजपा की प्रस्तावित राज्यव्यापी आक्रोश रैली को लेकर पूछे गए सवाल पर जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस को भाजपा की संगठनात्मक क्षमता का अंदाजा नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी पहले भी बड़े मैदानों को भर चुकी है और इस बार भी जोरावर स्टेडियम में होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की आवाज़ को अनसुना कर रही है, इसलिए विधानसभा के सामने ही प्रदर्शन करने की आवश्यकता पड़ सकती है, ताकि इसकी गूंज मुख्यमंत्री तक पहुंचे। रोजगार के मुद्दे पर ठाकुर ने आरोप लगाया कि चुनावी घोषणा पत्र में किए गए 680 करोड़ रुपये के कॉर्पस फंड का अब तक कोई पता नहीं है। उन्होंने कहा कि स्वावलंबन योजना, जिसके तहत हजारों उद्यम शुरू हुए थे और लोगों को रोजगार मिला था, उसे राजनीतिक विद्वेष के चलते बंद कर दिया गया। यहां तक कि जिन उद्यमियों को पहली किस्त मिल चुकी थी, उनकी भुगतान राशि भी रोक दी गई, जिससे उनका भविष्य अधर में लटक गया। मुख्यमंत्री पर "पट्टिका राजनीति" का आरोप लगाते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि कई स्थानों पर पुराने उद्घाटन पट्टे हटाकर नए पट्टे लगाए जा रहे हैं, जबकि बद्दी में अस्पतालों का उद्घाटन होने के बावजूद वहां बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं थीं। विधानसभा आने वाले स्कूली बच्चों की सघन जांच पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि बच्चों के साथ ऐसा व्यवहार अनुचित है। भाजपा ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार जॉब ट्रेनी पॉलिसी वापस नहीं लेती तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

समर प्राइम 3


www.summerexpress.in

3 दिसंबर 2025

समर एक्सप्रेस


## मैं बोलूंगा तो...

# सिरप-साहब और सात अजूबों का कमाल



समर न्यूज | जालंधर

कहते हैं देश की तरक्की का असली पैमाना सड़कें, पुल और अस्पताल होते हैं। लेकिन हमारे यहां एक नया पैमाना जुड़ गया है—कफ सिरप से हुई अंतरराष्ट्रीय पर्यटन सेवा। शुभम नाम का युवा सिरप-उद्योगपति कुछ अफ़सरों पर इतना मोहित हुआ कि जैसे उनके लिए कोई "टूर एंड ट्रैवल्स" ही खोल बैठा। बस फर्क इतना कि टिकट की जगह सिरप की बोतलें और पासपोर्ट की जगह 'पहुंच' काम आती थी।

कहानी बड़ी रोचक है। शुभम ने अपने खास अफ़सर-प्रेम को दिखाने के लिए उनके परिवारजनों तक को "विदेशी हवा" लगवा दी। कहते हैं कि यह सब हुआ "सात अजूबे" के सहयोग से! अब 'सात अजूबे' कौन हैं—ये पूछना ऐसा है जैसे किसी से पूछ लें कि भ्रष्टाचार में शामिल असली लोग कौन हैं।

नाम सब जानते हैं, पर बोलता कोई नहीं। हमारे यहां अजूबे बाहुबली भी होते हैं और अदृश्य भी—पर असर रखते हैं इतना कि विज़ा अधिकारी भी इनकी ओर देखते ही फाइल खुद-ब-खुद मंजूर कर दे।

अब ताज्जुब की बात तो यह है कि वही आला अफ़सर साहब, जिनके परिवारजनों की विदेश यात्रा का प्रायोजक शुभम था, आज उसी केस की जांच के महत्वपूर्ण हिस्से हैं!

यानी मामला ऐसा हो गया—"कफ सिरप मैं देता हूँ, जांच आप कीजिए"

वाकई, यह रिश्ता पवित्रता की सारी सीमाओं को पार करता है।

कहते हैं– "न्याय अंधा होता है", लेकिन यहां तो न्याय सनग्लास पहनकर घूम रहा है।

उसे दिख ही नहीं रहा कि जांच कौन कर रहा है, और किसका कर रहा है।

जनता बेचारी दूर खड़ी सोच रही है—साहब मदद कर रहे हैं, या मैनेजमेंट?

यह तो विवेचना पूरी होने के बाद ही पता चलेगा—

और विवेचना कब पूरी होगी, यह पूछना ऐसा है जैसे पूछ लें कि कब नेता ईमानदार बनेंगे।

इधर कई "माननीय" लोग भी इस सिरप-यात्रा कथा के बैकग्राउंड में मौजूद बताए जाते हैं।

स्क्रीनप्ले में उनकी भूमिकाएं दमदार हैं, बस क्रेडिट लिस्ट में नाम नहीं दिया गया।

यह हमारे देश की राजनीति का सबसे बड़ा सस्पेंस थ्रिलर है—विलेन सब जानते हैं, पर फिल्म में वह सिर्फ 'गेस्ट अपीयरेंस' में आते हैं, वो भी बिना नाम के।

कुल मिलाकर, पूरे प्रकरण ने पुलिस पूछताछ, राजनीति, व्यापार और पर्यटन उद्योग को जोड़कर एक नया "मल्टीविटामिन मॉडल" बना दिया है। बस जनता को इंतजार है उस दिन का, जब जांच अधिकारी माइक पर आकर कहेंगे—"सच्चाई सामने आ चुकी है"और जनता पूछेगी—"किसके सामने?"

तब तक कफ सिरप की मिठास और जांच की खटास—दोनों का स्वाद मिलता रहेगा।

#MainBolungaTo #SummerExpress #SummerNews #BakwaasBulletin #SatireShots #FakeSeriousNews

# सांचार साथी ने 50 हजार से अधिक लोगों को मोबाइल दिलाए वापस

• देशभर में 7 लाख से अधिक रिकवरी; कर्नाटक-तेलंगाना शीर्ष पर, हर मिनट मिलता है एक फोन

कमलेश शर्मा | मोहाली

डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि दर्ज करते हुए दूरसंचार विभाग ने घोषणा की है कि उसकी प्रमुख नागरिक-सुरक्षा पहल 'सांचार साथी' की मदद से सिर्फ अक्टूबर में ही देशभर में 50 हजार से अधिक गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद किए गए। यह पहली बार है जब किसी एक महीने में इतनी बड़ी संख्या में फोन रिकवर हुए हैं। इसी के साथ कुल रिकवरी का आँकड़ा 7 लाख से पार हो गया है, जो डिजिटल गवर्नेंस और तकनीक आधारित सुरक्षा तंत्र में बढ़ते जन-विश्वास को दर्शाता है।

▪ **कर्नाटक और तेलंगाना ने हासिल किया रिकॉर्ड प्रदर्शन...** *कर्नाटक और तेलंगाना ने 1–1 लाख से अधिक फोन रिकवर कर शीर्ष स्थान हासिल किया है। महाराष्ट्र 80 हजार से अधिक रिकवरी के साथ तीसरे स्थान पर है। जून 2025 की तुलना में अक्टूबर 2025 में मोबाइल रिकवरी में 47% की तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दूरसंचार विभाग का कहना है कि अब देश में हर मिनट एक खोया हुआ मोबाइल सांचार साथी प्लेटफॉर्म के जरिए वापस मिल रहा है।*

▪ **कैसे काम करता है सांचार साथी...** *यह प्लेटफॉर्म पूरी तरह देश में विकसित एक स्वचालित सिस्टम है, जिसमें रियल-टाइम डिवाइस ट्रेसिंग की सुविधा मौजूद है। किसी चोरी/गुम हुए फोन में नई सिम कार्ड डालते ही सिस्टम अलर्ट भेजता है। यह अलर्ट फोन मालिक और संबंधित थाने दोनों को प्राप्त होता है। इससे पुलिस को त्वरित कार्रवाई में मदद मिलती है और रिकवरी की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।* ▪ **पुलिस– दूरसंचार विभाग तालमेल बना बड़ी सफलता का आधार...** *देशभर की पुलिस, दूरसंचार विभाग की डिजिटल इंटेलिजेंस यूनिट और सभी लाइसेंसिंग सर्विस एरिया इकाइयों ने मिलकर इस अभियान को प्रभावी बनाया है।*





## कहीं आपकी प्राइवेसी पर खतरा न बन जाए ये एप

**चंडीगढ**| सरकार ने स्मार्टफोन कंपनियों को निर्देश दिया था कि वे हर नए मोबाइल फोन में ऐप 'संचार साथी' को प्रीलोड करें। सिर्फ नए मोबाइल ही नहीं, बल्कि पहले से इस्तेमाल हो रहे स्मार्टफोन्स में भी यह ऐप सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए डाली जाएगी। कंपनियों को इसे लागू करने के लिए 90 दिन दिए गए थे। इस निर्देश के बाद मोबाइल निर्माता कंपनियों में चिंता बढ़ गई है। कई बड़ी कंपनियाँ इस बात से असहज हैं कि आदेश जारी होने से पहले उनसे कोई चर्चा नहीं की गई। उद्योग जगत में यह भी सवाल उठ रहा है कि यूज़र्स की प्राइवेसी पर इसका क्या असर पड़ेगा, खासकर तब जब ऐप को हटाने या डिसेबल करने की अनुमति नहीं होगी। कुछ वैश्विक मोबाइल ब्रांडों में यह सामान्य नीति है कि वे फोन में सरकारी या किसी थर्ड पार्टी ऐप को प्रीलोड नहीं करते। इसलिए यह आदेश अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए चुनौती बन सकता है।

▪ **सरकार क्यों चाहती है यह ऐप...** *आदेश में कहा गया है कि 'संचार साथी' ऐप को अनिवार्य करना मोबाइल साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए ज़रूरी है।*

- *फर्जी या डुप्लीकेट IMEI नंबर की पहचान, नकली फोन के इस्तेमाल पर रोक*
- *संदिग्ध कॉल या धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग*
- *चोरी हुए मोबाइल को ब्लॉक करने और ट्रैक करने की सुविधा*

*हर फोन में मौजूद IMEI नंबर उसकी एक तरह की पहचान होती है। IMEI में छेड़छाड़ की जाए तो फोन ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है। सरकार इस ऐप के जरिए एक केंद्रीकृत सिस्टम बनाना चाहती है, जिससे मोबाइल चोरी, फर्जी सिम और ऑनलाइन ठगी को रोका जा सके।*

▪ **कंपनियों की चिंताः प्राइवेसी और पारदर्शिता...** *मोबाइल उद्योग से जुड़े लोगों का मानना है कि तकनीकी जानकारी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है, इस स्तर पर किसी सरकारी ऐप का 'अनिवार्य' होना ऐप सुरक्षा पर भरोसे को प्रभावित कर सकता है। सरकार के अनुसार, ऐप का उद्देश्य नागरिकों को अपने मोबाइल कनेक्शन की पहचान, सत्यापन और सुरक्षा के लिए डिजिटल टूल देना है।*

▪ **दूरसंचार विभाग ने नागरिकों से की अपील...** *नागरिक सांचार साथी ऐप डाउनलोड कर अपना खोया/चोरी हुआ मोबाइल रिपोर्ट और ब्लॉक कर सकते हैं। नया या पुराना फोन खरीदने से पहले उसकी वास्तविकता जांच सकते हैं। संदिग्ध कॉल/मैसेज की शिकायत दर्ज कर सकते हैं। बैंकों और वित्तीय संस्थानों के विश्वसनीय संपर्क नंबर सत्यापित कर सकते हैं। दूरसंचार विभाग ने कहा कि सांचार साथी न केवल डिजिटल सुरक्षा को मजबूत कर रहा है, बल्कि नागरिकों के डिजिटल अधिकारों को भी संरक्षित कर रहा है। यह उपलब्धि दिखाती है कि तकनीक, पुलिस की सतर्कता और केंद्र सरकार के समन्वित प्रयास मिलकर देश को एक सुरक्षित और नागरिक-केंद्रित डिजिटल इकोसिस्टम की ओर ले जा रहे हैं।*

• रेलवे पार्सल विभागः धड़ल्ले से बेच रहे स्टीकर

# स्कैनिंग का जिम्मा जिस कंपनी का, वो एजेंटों के हाथ में बिकी





सुनील शिंगार | लुधियाना
समर न्यूज

रेलवे के पार्सल विभाग में जिस कंपनी को अधिकारियों द्वारा सामान स्कैन करने की बड़ी जिम्मेदारी दी गई थी, वह कंपनी एजेंटों के हाथों बिक चुकी है। कंपनी के कर्मचारियों द्वारा एजेंट से चंद रुपए लेकर ऐसा गैर-जिम्मेदाराना रवैया अपनाया जा रहा है, जिसको रेल अधिकारी भी नजर अंदाज किए हुए हैं। प्राइवेट कंपनी के यह लोग एजेंट को स्टीकर इस तरह बांट रहे हैं जैसे कहीं लंगर लगा हो। जब भी इस स्टिकर का एजेंटों ने गलत इस्तेमाल किया तो रेल के अधिकारी ऐसे ज्ञान बाटेंगे जैसे उनको कुछ पता ही नहीं। यही नहीं वह पल भर में अपने किसी कर्मचारी को सस्पेंड या बड़ी सजा भी दे डालेंगे, जिसको इस धांधली की कोई भनक भी नहीं। इसी मामले में पहले भी समर एक्सप्रेस की टीम ने एक स्टीकर को प्राथमिकता के आधार पर प्रकाशित किया था, जो कि एजेंटों को बांटे जा रहे थे। अब उसके बाद दूसरा स्टीकर सामने आया है, जोकि एजेंटों को बांटा जा रहा है। जिस स्टीकर की हम बात कर रहे हैं, वह रेलवे के पार्सल विभाग में इस्तेमाल होता है। वह स्टिकर उसी समान पर लगता है जिसको रेलवे अधिकारियों द्वारा अधिकृत की गई कंपनी स्कैन कर पुष्टि करती है कि उसमें कोई आपत्तिजनक सामान नहीं है।

▪ **शराब, मीट और सिगरेट पकड़ी जा चुकी...** *रेलवे अधिकारियों द्वारा स्कैन करना इसलिए अनिवार्य किया गया था कि कुछ लोगों द्वारा पार्सल में छुपा कर शराब, मीट और सिगरेट तंबाकू दूसरे राज्यों में भेजे जा रहे थे। इस सारे सामान को रेलवे के पार्सल विभाग में बुक करने की पाबंदी है। इस सारे सामान को रेलवे अधिकारियों द्वारा चाहे बाद में पकड़ लिया गया लेकिन भविष्य में ऐसा ना हो इसके लिए एक कंपनी को ठेका दिया गया। उक्त कंपनी द्वारा रेलवे के पार्सल में बुक होने वाले सारे सामान को स्कैन कर जांच की जाती है कि उसमें कोई पाबंदीसुधा सामान नहीं है।*

▪ **रोजाना 300 नग होते हैं बुक...** *लुधियाना रेलवे के पार्सल विभाग में रोजाना औसतन 300 नग बुक होते हैं। यह रूटिंग का डाटा है जबकि सीजन में इनकी संख्या लगभग दो गुना हो जाती है। ऐसे में औसतन 8 से 10 में बिकने वाला एक स्टीकर से पार्सल में सामान स्कैन करने वाले प्राइवेट कंपनी व मिली भगत करने वाले रेल अधिकारियों को कितना मुनाफा हो रहा है इससे आप अंदाजा लगा ही सकते हैं। केवल लुधियाना में ही नहीं फिरोजपुर मंडल के कई अन्य स्टेशनों पर भी पार्सल स्कैन का ठेका है। यह धांधली वहां भी चल रही है।*

▪ **इसमें कई अधिकारियों की मिली भगत का दावा...** *अधिकृत इस कंपनी द्वारा पार्सल स्कैन करने के बाद उस पर लगने वाले स्टीकर की जिम्मेवारी जिस कंपनी को दी गई है। वो सभी नियमों को दरकिनार कर स्टीकर को एजेंटों के हाथ में थमा रही है।*

▪ ***यह है स्टीकर के मायने...*** *उक्त कंपनी द्वारा रेलवे स्टेशन के पार्सल विभाग में एक स्कैन मशीन लगा दी। रेलवे के पार्सल विभाग में जो भी सामान बुक किया जाता। उस सामान को प्राइवेट कंपनी द्वारा स्कैन कर यह पुष्टि की जानी होती है कि उसमें रेलवे द्वारा बैन किया गया कोई भी समान नहीं है। इस पुष्टि की एवज में कंपनी पार्सल स्कैन करने के बाद उस पर एक स्टीकर लगा देती है, जिस पर उक्त कंपनी की मोहर के साथ कंपनी के एक कर्मी के दस्तखत भी रहते हैं। इस मोहर और दस्तखत किए हुए स्टीकर को अब एजेंट को बेधड़क बेचे जा रहे हैं, जोकि वह बिना स्कैन हुए सामान पर भी धड़ल्ले से लगा रहे हैं*

## Good DAY

समर न्यूज | लुधियाना



*नई सुबह अपने साथ अनगिनत उम्मीदें, नई ऊर्जा और बेहतरीन अवसर लेकर आती है। हर दिन एक नया आरंभ होता है अपने आप को और अपने आसपास की दुनिया को बेहतर बनाने का अवसर। आज का यह खूबसूरत दिन भी आपको वही मौका दे रहा है कि आप अपने सपनों की ओर एक कदम और बढ़ें। विश्वास रखें कि आपका हर छोटा प्रयास सफलता की राह में एक मजबूत नींव है। चाहे मंज़िल कितनी भी दूर क्यों न लगे, निरंतर आगे बढ़ते रहिए। सकारात्मक सोच, मेहनत और धैर्य हमेशा आपको सही दिशा की ओर ले जाते हैं। इस नई सुबह के साथ आपके जीवन में खुशियाँ, सफलता और शांति आए। यही शुभकामनाएं*

**एडवोकेट मिशिका अरोड़ा**
**(कलाकार)**

# अंडमान में बनेगा पहला कोरल शोध केंद्र

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

सरकार जल्द ही अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भारत का पहला नेशनल कोरल रीफ रिसर्च इंस्टीट्यूट स्थापित करने जा रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह संस्थान 120 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा और देशभर में कोरल रीफ से संबंधित अनुसंधान का नोडल और मॉनिटरिंग केंद्र होगा। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय इस अत्याधुनिक केंद्र को दक्षिण अंडमान के चिड़ियाटापू में स्थापित करेगा। जूलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया के अंडमान एवं निकोबार क्षेत्रीय केंद्र के प्रभारी अधिकारी शिवपेरुमल ने बताया कि यह एक उन्नत कोरल रीफ अनुसंधान, संरक्षण और प्रबंधन केंद्र होगा।

▪ **समुद्री तटों की सुरक्षा में कोरल रीफ की अहम भूमिका...** *विपेरुमल ने बताया कि कोरल रीफ समुद्री पारिस्थितिकी के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ये तूफानों से प्राकृतिक सुरक्षा कवच की तरह काम करते हैं। ऊँची लहरों के प्रभाव को कम करते हैं। तटीय क्षेत्रों में जान-माल की हानि रोकने में मदद करते हैं। उन्होंने गत दिनों द्वीपीय पारिस्थितिकी तंत्र की तटीय और समुद्री जैव विविधता विषयक कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि जेडएसआई संग्रहालय (श्री विजयपुरम) में जल्द ही QR कोड आधारित प्रणाली शुरू की जाएगी, जिससे लोग वहां प्रदर्शित प्रजातियों की तस्वीरों और जानकारी को डिजिटल रूप से एक्सेस कर सकेंगे।*

▪ **अंडमान–निकोबारः** *भारत के प्रमुख जैव-विविधता हॉटस्पॉट में एक जेडएसआई के पूर्व निदेशक कैलाश चंद्र ने बताया कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह भारत के चार प्रमुख जैव-विविधता हॉटस्पॉट में से एक हैं। यहाँ देशी और प्रवासी दोनों तरह की प्रजातियों की समृद्ध विविधता पाई जाती है।*

# भारत की नई राजनीतिक ऊर्जा का सबसे मजबूत चेहरा अनुराग ठाकुर

मोहित प्रेम शर्मा | शिमला
समर न्यूज़

भारतीय राजनीति के परिदृश्य में कुछ ऐसे नेता होते हैं जिनकी मौजूदगी न केवल वर्तमान को प्रभावित करती है बल्कि भविष्य की दिशा भी तय करती है। अनुराग सिंह ठाकुर आज ऐसे ही नेताओं में शुमार हैं जिन्होंने अपनी ऊर्जा, व्यक्तित्व, साफ दृष्टि और लगातार जनसमर्थन के बल पर राष्ट्रीय राजनीति में एक विशिष्ट स्थान हासिल किया है। हिमाचल की धरती से निकला यह युवा नेतृत्व अब राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रभावशाली शक्ति के रूप में देखा जा रहा है। वर्ष 2008 में हमीरपुर लोकसभा उपचुनाव से अनुराग पहली बार संसद पहुँचे, तब उनकी उम्र महज 34 वर्ष थी। यह उम्र किसी भी नेता के लिए शुरुआत का चरण मानी जाती है लेकिन उनके लिए यह लगातार जीत की श्रृंखला की शुरुआत साबित हुई। इसके बाद 2009, 2014, 2019 और 2024 के चुनावों ने उन्हें पांच बार लगातार जनता से मिली स्वीकृति के साथ राष्ट्र की राजनीति में सबसे स्थिर और मजबूत युवा नेताओं में शामिल कर दिया। यह निरंतरता केवल चुनावी नतीजों की कहानी नहीं बल्कि एक ऐसे जनप्रतिनिधि का प्रमाण है जिसने अपने क्षेत्र और समर्थकों के भरोसे को कभी टूटने नहीं दिया।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में अनुराग ने देश में प्रसारण क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन की शुरुआत की।



उनके कार्यकाल में मीडिया सेक्टर को आधुनिक तकनीक से जोड़ने, डिजिटल प्रसारण को बढ़ावा देने और देश में पारदर्शी तथा जिम्मेदार मीडिया वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए।

उन्होंने सूचना तंत्र को मजबूत किया और राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय स्तर पर प्रसारण की पहुंच को अधिक प्रभावी बनाया। उनके द्वारा लागू किए गए सुधारों ने प्रसारण जगत में नई ऊर्जा का संचार किया और इसे देश में मीडिया बदलाव के एक नए दौर के रूप में देखा गया। अनुराग सिंह ठाकुर की लोकप्रियता केवल चुनावी परिणामों तक सीमित नहीं है। वे आज देश के युवाओं के लिए एक आदर्श की भूमिका निभा रहे हैं। ऊर्जा से भरा हुआ व्यक्तित्व, साफ और प्रभावी भाषण शैली और आधुनिक सोच के साथ आगे बढ़ते नेतृत्व ने उन्हें नई पीढ़ी के बीच विशेष स्थान दिलाया है। सोशल मीडिया के युग में जब देश की राजनीति में भविष्य के नेतृत्व की चर्चाएं उठती हैं तब अनुराग का नाम प्रमुखता से सामने आता है। उनकी कार्यशैली यह दिखाती है कि वे जमीन, जनता और जनभावनाओं से जुड़े नेता हैं जो राष्ट्रीय मंच पर भी उतनी ही मजबूती से अपनी बात रखते हैं। संसद उनके व्यक्तित्व का वह आयाम है जहां वे अपने वास्तविक राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन करते हैं। वे भारतीय जनता पार्टी के उन सांसदों में शामिल हैं जिन पर राष्ट्रीय नेतृत्व को सबसे अधिक भरोसा है। जटिल विषयों पर स्पष्ट और तार्किक प्रस्तुति, विपक्ष के सवालों का तेज और तथ्यपूर्ण जवाब और राष्ट्रीय मुद्दों पर सटीक दृष्टिकोण उन्हें संसद के सबसे प्रभावशाली वक्ताओं में स्थापित करता है। कई बार ऐसा देखा गया है कि जब वे बोलते हैं तो अनुभवी राजनीतिक नेता भी उनकी बातों को पूरा ध्यान देकर सुनते हैं। यह क्षमता केवल भाषण शैली की नहीं बल्कि विषय की गहरी समझ और मजबूत तर्कशक्ति की पहचान है। केंद्र सरकार द्वारा कई अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों, सम्मेलनों और मंचों पर देश का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी भी उन्हें इसलिए दी जाती है क्योंकि उन पर विश्वास है। वे भारत की बात आत्मविश्वास और गंभीरता के साथ रखते हैं और वैश्विक मंचों पर उनकी उपस्थिति देश की छवि को मजबूत करती है। पार्टी अनुशासन के भीतर रहते हुए विचार रखना, संगठन के हितों को प्राथमिकता देना और नेतृत्व के प्रति पूर्ण निष्ठा उनकी राजनीतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

**पेज 3 एंकर स्टोरी**

## भारत का आईएनएस विशाल अब भी फाइलों में अटका

# 50 साल की बढ़त खत्मः चीन ने तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर उतारा

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने 1961 में एयरक्राफ्ट कैरियर ऑपरेशन शुरू करके एशिया में एक मजबूत बढ़त हासिल कर ली थी। लेकिन आधी सदी बाद यह बढ़त अब खत्म होती दिख रही है। चीन की नौसेना ने इस हफ्ते अपने तीसरे विमानवाहक पोत 'फुज़ियान' को शामिल कर दुनिया को चौंका दिया, जबकि भारत का तीसरा कैरियर—आईएनएस विशाल—अब भी नौकरशाही की फाइलों में अटका हुआ है।

▪ **चीन ने बनाया दुनिया का दूसरा सबसे उन्नत कैरियर...**

चीन का नया एयरक्राफ्ट कैरियर 80,000 टन का है और इसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट लगाया गया है, यह तकनीक अब तक केवल अमेरिका के यूएसएस जेराल्ड आर फोर्ड में उपलब्ध थी। यह चीन को हाई-एंड कैरियर टेक्नोलॉजी के मामले में अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर खड़ा करता है।

▪ **भारत कैसे पीछे रह गया...**

भारत ने 1961 में आईएनएसविक्रांत के साथ कैरियर युग की शुरुआत की, और 1997 तक यह जहाज नौसेना की रीढ़ बना रहा, यह सब चीन से लगभग 15 साल पहले हुआ था। इसके बाद 1987 में आईएनएस विराट आया, जिसने 30 साल तक भारतीय नौसेना को कैरियर ऑपरेशन की अद्वितीय



क्षमता दी। इन 50–55 वर्षों में भारत इस क्षेत्र का अग्रणी था, लेकिन अब तस्वीर उलट चुकी है। चीन लगभग हर 4 साल में एक नया कैरियर तैयार कर रहा है। जैसे 2012 में लियाओनिंग, 2019 में शानदोंग, 2025 में फुज़ियान। विश्लेषकों का अनुमान है कि 2030 के दशक की शुरुआत तक चीन के पास 5–6 कैरियर, जिनमें परमाणु-संचालित संस्करण भी शामिल होंगे।

▪ **आईएनएस विशालः दस साल से फाइलों में दौड़ रहा, समुद्र में नहीं...**

इसके उलट, भारत का दूसरा स्वदेशी कैरियर (IAC-2), जिसे आईएनएस विशाल कहा जा रहा है, अभी भी फाइलों, समीक्षाओं और मंज़ूरी की लंबी प्रक्रिया में उलझा है। 2015 में सरकार ने डिजाइन अध्ययन के लिए 30 करोड़ रुपये आवंटित किए। 2025 में ठोस प्रगति नहीं, 2026 में सरकारी मंजूरी मिलने की उम्मीद और 2035 में वास्तविक कमीशनिंग की संभावित तारीख। मतलब—जहाँ चीन हर 4 साल में एक नया कैरियर उतार रहा है, भारत एक कैरियर की फाइल 10–12 साल से आगे नहीं बढ़ा पा रहा। एक वरिष्ठ अधिकारी की मानें तो, तीसरा कैरियर "शक्ति बढ़ाने वाला प्लेटफॉर्म" नहीं होगा, बल्कि सिर्फ पुराने कैरियर की जगह लेने का विकल्प भर रहेगा—यानी संख्या वही रहेगी, क्षमता नहीं बढ़ेगी।

# स्कूल में दो छात्राओं की बेरहमी से पिटाई का वीडियो वायरल, जांच कमेटी गठित

## वीडियो वायरल होते ही मचा हंगामा, स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग तेज

समर न्यूज़ | फतेहाबाद



छात्राओं के साथ मारपीट की सीसीटीवी फुटेज - समर न्यूज़

ब्लॉक के एक गांव स्थित प्राइवेट स्कूल में 11वीं और 12वीं की दो छात्राओं के साथ की गई मारपीट का मामला वीडियो वायरल होने के बाद उजागर हुआ है।

घटना 24 नवंबर की बताई जा रही है, लेकिन 53 सेकेंड का सीसीटीवी फुटेज सोमवार को सोशल मीडिया पर सामने आते ही क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। लोग स्कूल संचालक और प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

वायरल फुटेज में करीब नौ छात्राएं लाइन में खड़ी दिखाई देती हैं। इसी दौरान स्कूल संचालक जोर-जोर से चिल्लाते हुए सबसे आगे खड़ी छात्रा को थप्पड़ मारता है। वह उसके बाल पकड़कर जमीन पर गिरा देता है और उठने पर घुटनों से वार करता है। वीडियो में संचालक दूसरी छात्रा को गले से पकड़कर आगे खींचते और झकझोरते हुए भी दिखता है। बाकी छात्राएं सहमी हुई चुपचाप खड़ी नजर आती हैं। वीडियो देखने वालों ने इसे अमानवीय और दर्दनाक बताया है।

मामला पंचायत में निपटाया गया था गांव के सरपंच प्रतिनिधि राजेश कुमार ने कहा कि घटना के बाद छात्राओं के अभिभावक स्कूल पहुंचे थे और दोनों पक्षों की बातचीत के बाद मामला पंचायत स्तर पर समझौते से निपटा दिया गया था। किसी ने औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं करवाई थी। लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद मामला फिर गर्मा गया है।

स्कूल संचालक सुभाष चंद्र का कहना है कि एक छात्रा से मोबाइल फोन बरामद किया गया था जो स्कूल नियमों के खिलाफ है। इसी कारण उसे सजा दी गई। उनका दावा है कि उस समय परिजनों ने कोई आपत्ति नहीं जताई थी।

मीडिया के माध्यम से मामला सामने आने पर खंड शिक्षा अधिकारी निर्मला सिहाग ने कहा कि उन्हें इस संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली थी। लेकिन वीडियो की जानकारी मिलने पर तुरंत संज्ञान लेते हुए जांच कमेटी गठित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि समिति की रिपोर्ट आने के बाद स्कूल प्रबंधन के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# अभय ने हाईकोर्ट में Z+ सुरक्षा की मांग की

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

इनेलो के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक अभय सिंह चौटाला ने स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। चौटाला ने दावा किया है कि



उन्हें पिछले दो वर्षों से लगातार अज्ञात व्यक्तियों, विदेशी नंबरों और अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टरों से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। याचिका में बताया गया है कि 15 जून 2023 से 15 जुलाई 2025 तक कई बार फोन कॉल और व्हाट्सऐप संदेशों के ज़रिए धमकियां दी गईं। कॉल करने वालों ने यह कहते हुए चौटाला को चेतावनी दी कि यह उनकी आखिरी वार्निंग है तथा परिवार को नुकसान पहुंचाने की भी धमकी दी गई। अभय चौटाला ने आरोप लगाया कि लगातार शिकायतें देने के बावजूद राज्य सरकार ने उन्हें पर्याप्त सुरक्षा नहीं दी।


# हिसार में अमित शाह की सुरक्षा में चूक पर डीएसपी और इंस्पेक्टर पर कार्रवाई

## दोनों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश जारी किए गए

समर न्यूज़ | हिसार

हरियाणा सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हिसार दौरे के दौरान सुरक्षा में हुई गंभीर चूक पर सख्त रुख अपनाते हुए दो पुलिस अधिकारियों डीएसपी परमजीत सिंह समोटा और इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश जारी कर दिए हैं। गृह विभाग ने इस संबंध में पुलिस महानिदेशक को आधिकारिक पत्र भेजकर तत्काल प्रक्रिया शुरू करने को कहा है।

सरकार ने निर्देश दिए हैं कि डीएसपी परमजीत सिंह समोटा के खिलाफ हरियाणा सिविल सेवा (दंड एवं अपील) नियम 2016 के नियम-7 के तहत कार्रवाई शुरू की जाए। इसके लिए पुलिस विभाग को ड्राफ्ट चार्जशीट और सभी संबंधित दस्तावेज जल्द सरकार को भेजने


अमित शाह। - समर न्यूज़

के आदेश दिए गए हैं। वहीं, जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई पुलिस विभाग स्तर पर शुरू की जाएगी और उसकी विस्तृत रिपोर्ट सरकार को भेजी जाएगी।

**क्या था पूरा मामला** : 31 मार्च 2025 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हिसार के अग्रोहा मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे, जहां उन्होंने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का अनावरण किया। इसी दौरान सुरक्षा में गंभीर चूक सामने आई थी। राज्य सरकार ने इस घटना की जांच के लिए रिटायर्ड जस्टिस एचएस भल्ला की अध्यक्षता में कमेटी गठित की थी। कमेटी ने सितंबर 2025 के पहले सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी थी।

रिपोर्ट में कहा गया कि दोनों अधिकारी एक अति संवेदनशील स्थान पर ड्यूटी पर तैनात थे। लेकिन घटना के दौरान दोनों अपने तय स्थान पर मौजूद नहीं थे। इस वजह से सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हुई, जिसे गंभीर लापरवाही माना गया। सरकार ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा जैसे संवेदनशील मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएसपी और इंस्पेक्टर, दोनों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर जल्द ठोस कदम उठाए जाएंगे, और अंतिम निर्णय जांच पूरी होने के बाद लिया जाएगा।

# डीजीपी के 2 हजार अपराधियों को पकड़ने के दावे संदिग्ध

## दुष्यंत चौटाला बोले- 200 से 250 पुलिसकर्मियों ने उनके ड्राइवर को उल्टा लटका कर पीटा था

समर न्यूज़ | हिसार


दुष्यंत चौटाला जानकारी देते हुए - समर न्यूज़

हरियाणा में कानून-व्यवस्था को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने डीजीपी ओपी सिंह पर तीखा हमला बोला है। हिसार के उकलाना के गांव पाबड़ा में पत्रकार वार्ता के दौरान दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जिस प्रकार मौजूदा डीजीपी ने एक साथ 2,000 अपराधियों को पकड़ने के दावे किए हैं वह पूरी तरह संदिग्ध है।

उन्होंने सवाल उठाया क्या ये अपराधी पहले सरकार के संरक्षण में बाहर घूम रहे थे और क्या अब सरकार डीजीपी को एक्सटेंशन देने की तैयारी कर रही है। दुष्यंत ने आरोप लगाया कि जब कोई अपराधी पहले से जेल में बंद होता है उसे अलग-अलग मुकदमों में दिखाकर गिरफ्तारियों के आंकड़े बढ़ाए जा रहे हैं।

पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि वास्तविक कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में ठोस कदम उठाने के बजाय केवल संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

उन्होंने जेजेपी के स्थापना दिवस पर जुलाना में होने वाली रैली का भी जिक्र किया और बताया कि पूरे प्रदेश के 6,800 गांवों और 140 निकायों में कार्यकर्ताओं को आमंत्रण दिया जा रहा है। दुष्यंत ने कहा कि वो एक दौर था जिसने सब देख लिया। उस समय किसने क्या किया यह इतिहास का हिस्सा है।

मुझे याद है जब मेरे सिरसा स्थित घर पर 200 से 250 पुलिसकर्मी पहुंचे। मेरे ड्राइवर को उठाकर ले गए और उसे उल्टा लटकाकर पीटा गया ये सभी घटनाएं अतीत की हैं।

दुष्यंत ने रोहतक एमडीयू प्रशासन पर भी निशाना साधा और कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने राजनीतिक आकाओं की खुशामद के लिए परिसर को राजनीतिक अखाड़ा बना दिया।

इसके कारण एमडीयू की रैंकिंग गिर गई और वित्तीय सहायता प्रभावित हो सकती है। उन्होंने बताया कि इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन जल्द ही रोहतक पुलिस में एमडीयू प्रशासन के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाएगी।

पर थी। 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी उसे सम्मानित कर चुके थे। वह सेक्टर-4 स्थित जिमखाना क्लब में खुद अभ्यास करता था और बच्चों को प्रशिक्षण देकर उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता था। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# रोहित धनखड़ मर्डर मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

## अंतरराष्ट्रीय पैरा पावरलिफ्टर खिलाड़ी था रोहित, पुलिस आरोपियों का रिमांड लेकर करेगी पूछताछ

समर न्यूज़ | हिसार

भिवानी। हुमायूंपुर के अंतरराष्ट्रीय पैरा पावर लिफ्टर रोहित धनखड़ हत्या मामले में भिवानी पुलिस ने तिगड़ाना गांव के तीन युवकों संजय उर्फ संजू, बिल्लू उर्फ जितेंद्र और रोहित उर्फ मोटा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों को अदालत में पेश करेगी और रिमांड की मांग करेगी। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शादी समारोह के दौरान बरात के पहुंचने पर वे सेल्फी ले रहे थे तभी रोहित ने उनसे अनुरोध किया कि साइड में होकर फोटो ले लें। इसी बात पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई और मामला बढ़ गया। पुलिस का कहना है कि महिलाओं पर फब्तियां कसने का आरोप अभी जांच में साबित नहीं हुआ।

हुमायूंपुर निवासी कप्तान सिंह ने बताया कि भतीजा रोहित धनखड़ पैरा


मृतक रोहित धनखड़ की फाइल फोटो - समर न्यूज़

पावरलिफ्टिंग का नामी खिलाड़ी था। छह बार राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया, तीन बार नेशनल चैंपियन बना और एक बार दुबई में अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व किया। 27 नवंबर को रोहित अपने मित्र जतिन (गांव बौंद कलां) के साथ रेवाड़ी खेड़ा गांव में एक शादी में शामिल होने गया था। वहां बरातियों से उसका झगड़ा हो गया था। शादी समारोह के बाद दोनों कार से बौंद कलां लौट रहे थे। इसी दौरान चार कारों में सवार बरातियों ने उनका पीछा किया। रास्ते में रेलवे फाटक बंद होने पर कार रुक गई और इसी दौरान आरोपियों ने हॉकी, डंडे और बिंडे से हमला कर रोहित को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जतिन किसी तरह कार लेकर मौके से भाग निकला।

दो दिन बाद अस्पताल में तोड़ा दम

जतिन ने घायल रोहित को भिवानी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे रोहतक के निजी अस्पताल और फिर पीजीआई में रेफर किया गया। इलाज के दौरान शनिवार दोपहर रोहित ने दम तोड़ दिया। रोहित के चाचा कप्तान सिंह ने बताया कि परिवार की जिम्मेदारी रोहित के कंधों पर थी। 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी उसे सम्मानित कर चुके थे। वह सेक्टर-4 स्थित जिमखाना क्लब में खुद अभ्यास करता था और बच्चों को प्रशिक्षण देकर उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता था।

# बिना लाइसेंस पकड़ा गया डॉक्टर, स्वास्थ्य विभाग ने किया क्लीनिक सील

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

फरीदाबाद के अटाली गांव में स्वास्थ्य विभाग ने बिना मेडिकल डिग्री के क्लीनिक चलाने वाले डॉक्टर संजय का क्लीनिक सील कर दिया। शिकायत सीएम विंडो पर मिलने के बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच के दौरान डॉक्टर के पास कोई वैध डिग्री नहीं पाई गई। शिकायत के अनुसार, डॉक्टर संजय अटाली गांव में मरीजों का इलाज कर लोगों को दवाइयां दे रहा था, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ सकती थी। स्वास्थ्य विभाग ने इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेकर तत्काल कार्रवाई की। सीएमओ डॉ. जयंत आहूजा के निर्देश पर कौराली सीएचसी के एसएमओ डॉ. राजेश की निगरानी में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने एक स्वास्थ्यकर्मी रेखा को मरीज बनाकर क्लीनिक भेजा। जैसे ही टीम ने क्लीनिक पहुंचकर चेक किया, डॉक्टर संजय वहां मौजूद था। टीम ने डॉक्टर से वैध डॉक्टरी प्रमाण पत्र दिखाने को कहा, लेकिन उसके पास कोई भी डॉक्यूमेंट नहीं पाया गया।

# कैथल अस्पताल सौंदर्यीकरण पर विवाद, स्वास्थ्य मंत्री ने जांच के दिए आदेश

## मंत्री ने कहा, गड़बड़ी या भ्रष्टाचार सामने आया तो जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ होगी कार्रवाई

समर न्यूज़ | फतेहाबाद


स्वास्थ्य मंत्री आरती राव जानकारी देती हुई। - समर न्यूज़

News 08

कैथल, नागरिक अस्पताल में चल रहे कायाकल्प और सौंदर्यीकरण कार्यों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। पहले से बनी पक्की सड़क पर दोबारा ब्लॉक बिछाने के मामले ने स्थानीय लोगों और मरीजों में नाराजगी पैदा कर दी है। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने इस मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए कहा कि पूरे प्रकरण की जांच करवाई जाएगी। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि यदि सौंदर्यीकरण के नाम पर किसी तरह की अनियमितता, गड़बड़ी या भ्रष्टाचार सामने आता है तो जिम्मेदार एजेंसी और ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कार्य की गुणवत्ता का परीक्षण कराया जाए और यह देखा जाए कि निर्माण मानकों के अनुरूप है या नहीं। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा।

अस्पताल में दवा लेने आए कई लोग राकेश रंगा, मनोज कुमार और विनोद ने कहा कि पहले से बनी पक्की सड़क पर ब्लॉक बिछाना न केवल संसाधनों की बर्बादी है बल्कि तकनीकी रूप से भी गलत कदम है। उनका कहना है कि ठेकेदार गुणवत्ता से समझौता कर रहे हैं और निरीक्षण की कमी के कारण ऐसे कार्य बिना रोक-टोक जारी हैं। इस मामले पर सीएमओ डॉ. रेनू चावला ने बताया कि अस्पताल के सौंदर्यीकरण का काम तय प्रक्रिया के तहत किया जा रहा है। पूर्व एडीसी की अध्यक्षता वाली कमेटी ने निरीक्षण के दौरान पाया था कि संबंधित सड़क खराब हालत में थी।

पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन की रिपोर्ट के आधार पर सड़क पर ब्लॉक लगाने का फैसला लिया गया, ताकि मरीजों को चलने में दिक्कत न हो और परिसर में समतल मार्ग उपलब्ध कराया जा सके। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों की कमियों को भी प्राथमिकता के साथ दूर किया जाएगा।

# लाइसेंसी हथियार से विवाहिता ने की आत्महत्या

## परिवार शोक में डूबा, पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी

समर न्यूज़ | फतेहाबाद

उपमंडल टोहाना के गांव खनोरी में सोमवार देर रात एक 26 वर्षीय विवाहिता ने अपने पति की लाइसेंसी पिस्तौल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान हरदीप कौर पत्नी गुरप्यार सिंह, निवासी मूल रूप से जिला संगरूर (पंजाब), के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और परिवार में मातम पसर गया।

जानकारी के मुताबिक सोमवार देर रात करीब 10 से 11 बजे के बीच हरदीप कौर अपने कमरे में अकेली थीं। अचानक गोली चलने की तेज आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे, जहां वह खून से लथपथ हालत में गिर पड़ी थीं। गोली सिर में लगी थी और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शादी राम पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल


मृतक विवाहिता अपने पति के साथ। - समर न्यूज़

टोहाना भेजा गया। सीन ऑफ क्राइम टीम ने घटनास्थल से फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने बताया कि मृतका के मायके पक्ष के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतका के पति गुरप्यार सिंह टोहाना के सैनी चौक पर इटालियन मास्टर नाम से होटल चलाता है। लगभग दो साल पहले इस होटल पर दो बार फायरिंग कर रंगदारी मांगी गई थी। इसी घटना के बाद सुरक्षा के मद्देनजर उन्हें लाइसेंसी हथियार जारी किया गया था। घर में रखी इसी पिस्तौल का इस्तेमाल आत्महत्या में हुआ है। हरदीप कौर की दो छोटी बेटियां हैं। एक करीब दो साल की और दूसरी केवल चार महीने की। उनके निधन के बाद परिवार शोक में डूबा है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। फिलहाल कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बड़ा फेरबदलः शिबास कविराज, डॉ राजश्री सिंह बने एडीजीपी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा में पुलिस विभाग में बड़े प्रशासनिक फेरबदल हुए हैं। 1999 बैच के दो वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी शिबास कविराज और डॉ. राजश्री सिंह को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया है। इसके अलावा चार अन्य सीनियर आईपीएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। राज्य सरकार की ओर से गृह सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने सोमवार को प्रमोशन और ट्रांसफर के आदेश जारी किए। शिबास कविराज वर्तमान में पंचकूला पुलिस आयुक्त अब एडीजीपी बने। डॉ. राजश्री सिंह झज्जर में पुलिस आयुक्त के पद पर तैनात अब एडीजीपी। आलोक मित्तल हरियाणा पुलिस आवास निगम के महानिदेशक बने। दिल्ली में रेजिडेंट कमिश्नर की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी सौंपी गई। नवदीप सिंह विर्क खेल विभाग के प्रधान सचिव पद


शिबास कविराज और डॉ राजश्री सिंह की फाइल फोटो। - समर न्यूज़

से हटाए गए अब हरियाणा राज्य प्रवर्तन निदेशालय में एडीजीपी साथ ही विजिलेंस, सुरक्षा और एचपीयूएस मुख्यालय पंचकूला की जिम्मेदारी दी गई। अजय सिंघल मानवाधिकार और मुकदमेबाजी में एडीजीपी नियुक्त। पिछले महीने भी सात आईपीएस अधिकारियों को प्रमोशन मिला था। इसमें 1993 बैच के आलोक मित्तल और अरशिंदर सिंह चावला को पुलिस महानिदेशक रैंक में पदोन्नत किया गया। 2011 बैच के मनीषा चौधरी, अभिषेक जोरवाल, राजेंद्र कुमार मीना, मनबीर सिंह और विरेंद्र विज को उप पुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी) बनाया गया।

सम्मान

## दुल सम्मेलन में खाप रत्न से नवाजा गया

# नौगामा खाप की बेटी बनी पोलैंड में वैज्ञानिक

समर न्यूज़ | जींद



परिवार के सदस्य एयरपोर्ट पर डॉ. संगीता दुल का स्वागत करते हुए। - समर न्यूज़

नौगामा खाप के गांव पोंकरी खेड़ी की बेटी डॉ. संगीता दुल ने विदेश में वैज्ञानिक बनकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पोलैंड में प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पद पर चयनित होने वाली संगीता की इस उपलब्धि पर उनके परिवार, गांव और खाप के लोग गर्व महसूस कर रहे हैं।

यह सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत मेहनत का परिणाम है, बल्कि हरियाणा की बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनी है। डॉ. संगीता किसान एवं बीकेयू, जींद के जिला प्रेस प्रवक्ता रामराजी दुल की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपने शैक्षणिक सफर की शुरुआत गांव के साधारण सरकारी स्कूल से की और बाद में दिल्ली विश्वविद्यालय से फिजिक्स में पीएचडी पूरी की। उनकी मेहनत और लगन ही कारण है कि आज वह पोलैंड में वैज्ञानिक के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

पिछले साल अप्रैल में इटली में आयोजित विश्व विज्ञान सम्मेलन में उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया और अपनी शोध प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया।

शिक्षा एवं विज्ञान में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय दुल खाप ने उन्हें कैथल में आयोजित दुल सम्मेलन में खाप रत्न सम्मान से भी नवाजा। दुल खाप प्रधान चौधरी हरपाल दुल ने कहा कि संगीता ने साबित कर दिया कि अगर इरादे मजबूत हों तो कोई मंजिल बड़ी नहीं होती। हमारी खाप की हर बेटी के लिए वह प्रेरणा हैं।

गांव पोंकरी खेड़ी के सरपंच राजकुमार दुल, नौगामा खाप प्रधान चौधरी सुरेश बहबलपुर और कंडेला खाप प्रधान चौधरी ओमप्रकाश दुल ने भी डॉ. संगीता और उनके परिवार को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि संगीता जैसी बेटियां खाप की शान हैं और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेंगी।

गांव में खुशी की लहर है। लोग एक-दूसरे को मिठाई बांट रहे हैं और डॉ. संगीता की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं। हरियाणा की धरती ने फिर साबित कर दिया कि यह बेटियों के लिए किसी भी मंजिल से कम नहीं।

# हरियाणा में बढ़ी ठंड, हिसार का न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री किया गया दर्ज

समर न्यूज़ | हिसार

उत्तर और उत्तर-पश्चिम की शीत हवाओं ने हरियाणा में ठंड बढ़ा दी है। सोमवार को हिसार का न्यूनतम तापमान 3.5C दर्ज किया गया, जो पूरे प्रदेश में सबसे कम रहा। ठंडी हवाओं का असर करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत और नारनौल में भी दिखा, जहां पारा 5 डिग्री के आसपास पहुंच गया। मौसम विभाग ने सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल और जींद में मंगलवार के लिए कोल्ड वेव का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार यह शीतलहर 5 दिसंबर तक बनी रह सकती है, जिससे रात के तापमान में और गिरावट की संभावना है।हल्की से मध्यम गति की हवाओं के कारण सुबह और देर शाम ठिठुरन तेज बनी हुई है। हालांकि


मंगलवार सुबह धुंध की तस्वीर। - समर न्यूज़

दिन में खिली धूप ने लोगों को कुछ राहत जरूर दी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में दिन का तापमान भी गिर सकता है। पश्चिमी राजस्थान से सटे हिसार का न्यूनतम तापमान चूरू, शिमला और जम्मू से भी नीचे रिकॉर्ड किया गया। रातभर चली ठंडी हवाओं ने पारा 3.5C तक गिरा दिया। इसी तरह करनाल, कुरुक्षेत्र, नारनौल और पानीपत का तापमान भी सामान्य से काफी नीचे रहा, जो हिमाचल और जम्मू क्षेत्र से भी अधिक ठंडे साबित हुए। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट संभव है।

# शादी समारोह में आई बच्ची बाथरूम में मिली मृत

समर न्यूज़ | इसराना

उपमंडल के गांव नौल्था में छह साल की बच्ची संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गई। बच्ची का शव बाथरूम में रखे पानी के टब में मिला, जिस बाथरूम की बाहर से कुंडी लगी हुई थी। बच्ची अपने परिवार के साथ सोनीपत से गांव में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने आई थी। मृतक बच्ची की पहचान विधि (6), पुत्री संदीप, निवासी बोर्ड गढ़वाल, सोनीपत के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही इसराना पुलिस के थाना प्रभारी महिपाल सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी।

एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल पानीपत के शवगृह में रखा। पोस्टमार्टम मंगलवार को कराया जाएगा और उसके बाद स्वजनों को सौंपा जाएगा।

# हिमाचल में बर्फबारी से बढ़ी शीतलहर, ताबो में तापमान -8 डिग्री पहुंचा

## मौसम विभाग ने जताई 5 और 7 दिसंबर को बारिश-बर्फबारी के संभावना

**समर न्यूज़ | शिमला**



हिमाचल प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। ऊंची चोटियों पर ताजा बर्फबारी के बाद पूरे राज्य में ठंड का प्रकोप तेज हो गया है। लाहौल-स्पीति के ताबो में इस सीजन का न्यूनतम तापमान माइनस 8.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो अब तक का सबसे कम स्तर है। वहीं राजधानी शिमला में भी पहली बार पारा 5.0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सोमवार को रोहतांग, कुंजम दर्रा, बारालाचा और सेवन सिस्टर पीक सहित उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी के बाद तापमान में और गिरावट दर्ज हुई। लाहौल के कई इलाकों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे आने के कारण नदी-नालों और झरनों का पानी जमने लगा है। राज्य के विभिन्न शहरों में भी पारा लगातार गिर रहा है। सुंदरनगर में 3.7 डिग्री, भुंतर में 3.0 डिग्री, कल्पा में 0.0 डिग्री, ऊना में 5.2 डिग्री, पालमपुर में 4.0 डिग्री, सोलन में 2.4 डिग्री, मनाली में 2.7 डिग्री, कांगड़ा में 5.5 डिग्री, हमीरपुर में 4.0 डिग्री, कुफरी में 3.1 डिग्री, कुकुमसेरी में -2.7 डिग्री, नारकंडा में 2.4 डिग्री और रिकांगपिओ में 2.2 डिग्री तापमान दर्ज हुआ।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते 5 और 7 दिसंबर को मध्यम और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है। चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिलों में इसका असर अधिक रहने की आशंका है। इसके अलावा 2 से 4 दिसंबर तक सुबह और देर रात कुछ इलाकों में कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटे में तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा, लेकिन अगले 2–3 दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 2–3 डिग्री तक बढ़ोतरी संभव है। इसके बाद ठंड फिर तेज हो सकती है। नवंबर माह में राज्य में बारिश का स्तर चिंताजनक रूप से कम रहा। 2025 में नवंबर में मात्र 1.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई, जो सामान्य से 95% कम है। यह वर्ष 1901 के बाद नौवीं बार है जब नवंबर में इतनी कम बरसात हुई। रिकॉर्ड के अनुसार नवंबर में सामान्य बारिश 19.7 मिलीमीटर होती है। मौसम में यह असामान्य बदलाव किसानों सहित आम लोगों के लिए चिंता का कारण बन रहा है।

# जोरावर स्टेडियम में चार दिसंबर को भाजपा निकालेगी शक्ति-प्रदर्शन रैली

## घोषणाओं में उलझी हुई है सरकार, जमीनी स्तर पर नहीं हुआ ठोस कामः विपिन

**राहुल | धर्मशाला**
**समर न्यूज़**



विधायक विपिन सिंह परमार जानकारी देते हुए। - समर न्यूज़

प्रदेश में शीतकालीन सत्र के दौरान चार दिसंबर को भाजपा जोरावर स्टेडियम में एक बड़ी रैली का आयोजन करने जा रही है। यह रैली कांग्रेस सरकार के तीन साल के कार्यकाल के विरोध और उसके वादों की समीक्षा को केंद्रित होगी। भाजपा नेताओं का कहना है कि सरकार ने चुनावों से पहले जो वादे जनता से किए थे, उनमें से एक भी वादा आज तक पूरा नहीं किया जा सका है। भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि विधानसभा में रोजगार संबंधी प्रश्न लगा था कि सरकार ने अब तक कितने युवाओं को नौकरी दी है। इस पर सरकार की ओर से जवाब आया कि जानकारी जुटाई जा रही है। यह स्थिति तब है जबकि स्वयं मुख्यमंत्री पहले कई मंचों से अलग-अलग आंकड़े दे चुके हैं। 15 अगस्त को मुख्यमंत्री ने कहा था कि सरकार ने 23 हजार युवाओं को रोजगार दिया है। इससे पहले उन्होंने 32 हजार नौकरी देने का दावा किया था। लेकिन अब विधानसभा में जानकारी जुटाई जा रही है। सरकार की कार्यप्रणाली की गंभीरता पर सवाल खड़े करता है। परमार ने जॉब ट्रेनी पॉलिसी को खत्म करने की मांग दोहराते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार केवल आंकड़ों और घोषणाओं में उलझी हुई है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस काम नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में बेरोजगारी बढ़ रही है और युवाओं का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। भाजपा इन मुद्दों को मजबूती से जनता के सामने रखेगी और यही कारण है कि चार दिसंबर की यह रैली अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। उन्होंने दावा किया कि जोरावर स्टेडियम में होने वाली यह रैली हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति के साथ एक ऐतिहासिक सभा साबित होगी। यह रैली विधानसभा तक भाजपा की आवाज पहुंचाने का माध्यम बनेगी और सरकार को उसके किए वादों की याद दिलाएगी। परमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है, जिसके चलते जनता में नाराजगी लगातार बढ़ रही है। इसी जनाक्रोश की गूंज चार दिसंबर को जोरावर स्टेडियम में साफ सुनाई देगी।

# जिला प्रधान ऐसा हो जो सभी को साथ लेकर चले : बंबर ठाकुर



पूर्व विधायक बंबर ठाकुर जानकारी देते हुए। - समर न्यूज़

**सुभाष | बिलासपुर**
**समर न्यूज़**

पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाए रखने के लिए ऐसा जिला नेतृत्व आवश्यक है जो सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की क्षमता रखता हो। जिला प्रधान का पद संगठन की रीढ़ माना जाता है। इसलिए इस जिम्मेदारी पर वही व्यक्ति बैठाया जाना चाहिए जो पार्टी के प्रति निष्ठावान हो और संगठन के हितों को सर्वोपरि रखता हो। जिला प्रधान का चयन किसी व्यक्तिगत पसंद-नापसंद से नहीं, कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं।

# रेरा संशोधन विधेयक पेशः कार्यकाल घटा, नियुक्ति प्रक्रिया से न्यायपालिका का हस्तक्षेप खत्म

## रेरा चयन प्रक्रिया में बदलाव, मुख्य न्यायाधीश की जगह अब मुख्य सचिव होंगे अध्यक्ष

**समर न्यूज़ | धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) की चयन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण संशोधन का प्रस्ताव रखा है। सदन में प्रस्तुत संशोधन विधेयक के अनुसार अब रेरा चयन समिति के अध्यक्ष के रूप में राज्य के मुख्य सचिव नियुक्त होंगे। अभी तक यह जिम्मेदारी हिमाचल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पास होती थी। इसके साथ ही प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल वर्तमान पांच वर्ष से घटाकर चार वर्ष करने का प्रावधान भी किया गया है, जो अधिकतम 65 वर्ष की आयु तक प्रभावी रहेगा।

विधेयक प्रस्तुत करते हुए नगर नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि इन संशोधनों का उद्देश्य रेरा की प्रशासनिक दक्षता और शासन व्यवस्था को बेहतर बनाना है। सरकार का मानना है कि रेरा एक प्रशासनिक एवं विनियामक निकाय है, जिसके संचालन के लिए प्रशासन, आवास, विधि और संबंधित क्षेत्रों में अनुभव की आवश्यकता होती है। इस दृष्टि से मुख्य सचिव जो राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी होते हैं। इस दायित्व के लिए अधिक उपयुक्त माने गए हैं।प्रस्तावित संशोधन का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि इससे कार्यपालिका की नियुक्ति प्रक्रिया में न्यायपालिका की प्रत्यक्ष भागीदारी समाप्त होगी, जो शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत के अनुरूप है। इससे संभावित हितों के टकराव की स्थितियों से भी बचा जा सकेगा। चयन समिति में मुख्य सचिव के अलावा आवास विभाग के सचिव सदस्य-संचालक के रूप में तथा विधि सचिव तीसरे सदस्य के रूप में शामिल होंगे।



हिमाचल विधानसभा की तस्वीर - समर न्यूज़

यदि मुख्य सचिव स्वयं रेरा के किसी पद के दावेदार हों या किसी अन्य कारणवश समिति की अध्यक्षता करने में असमर्थ हों तो सरकार अतिरिक्त मुख्य सचिव या समान श्रेणी के किसी अन्य अनुभवी अधिकारी को समिति का अध्यक्ष नामित करेगी। सरकार का दावा है कि इन बदलावों से चयन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और योग्यता-आधारित होगी।

# श्मशान में लकड़ी के बढ़े दामों के विरोध में सामाजिक कार्यकर्ता का सांकेतिक अनशन



रवि कुमार। - समर न्यूज़

**संजू | शिमला**
**समर न्यूज़**

बढ़ती महंगाई का असर रोजमर्रा की वस्तुओं तक ही सीमित नहीं रहा है, बल्कि इसका प्रभाव अब अंतिम संस्कार जैसी संवेदनशील सेवाओं पर भी दिखाई देने लगा है। इसी के विरोध में सामाजिक कार्यकर्ता और गदर फ्रंट संस्था के संयोजक रवि कुमार दलित मंगलवार को संजौली स्थित श्मशान घाट में सांकेतिक अनशन पर बैठे। उन्होंने मोक्षधाम में दाह संस्कार के लिए इस्तेमाल होने वाली लकड़ी के दामों में बढ़ोतरी को तुरंत वापस लेने की मांग उठाई। संजौली का यह श्मशान घाट सनातन धर्म सभा के अधीन संचालित है।

# 24 करोड़ की लागत से तैयार समृद्धि भवन का सुक्खू ने किया लोकार्पण

## नगर निगम सेवाएं अब एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध

**राहुल | धर्मशाला**
**समर न्यूज़**




मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भवन का लोकार्पण करते हुए। - समर न्यूज़

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुए धर्मशाला नगर निगम के नए प्रशासनिक परिसर समृद्धि भवन को जनता को समर्पित किया। लंबे समय से अधूरे पड़े इस भवन को राज्य सरकार ने आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाकर पूरा कराया, जिसके बाद इसे अब पूरी तरह आधुनिक स्वरूप में शुरू किया गया है। उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि समृद्धि भवन न सिर्फ नगर निगम की प्रशासनिक क्षमता को मजबूत करेगा, बल्कि यह आम लोगों को तकनीक आधारित, तेज और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि नए परिसर के माध्यम से नगर निगम की सभी प्रमुख शाखाएं एक ही स्थान पर कार्य करेंगी, जिसमें मेयर कार्यालय, पार्षदों के कक्ष और निगम के सभी विभाग शामिल हैं। इससे नागरिकों को अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर लगाने की आवश्यकता समाप्त होगी और समय व धन, दोनों की बचत होगी। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि राज्य सरकार ने शहरी विकास विभाग की सभी प्रमुख सेवाओं को वन पोर्टल सिस्टम के तहत एकीकृत कर दिया है। हिमाचल प्रदेश के सभी नगर निगमों और नगर निकायों में यह प्रणाली लागू हो चुकी है। इसके माध्यम से नागरिक अब विभिन्न प्रकार की एनओसी, प्रमाण पत्र, अनुमति और अन्य नगर निगम सेवाएं ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे। सुक्खू ने कहा कि यह व्यवस्था सरकार की डिजिटल पहलों को और सशक्त बनाते हुए प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाएगी। उन्होंने बताया कि स्मार्ट सिटी मिशन का फंड बंद होने के बाद भी सरकार ने इस परियोजना को पूर्ण करने के लिए आवश्यक बजट उपलब्ध करवाया, जिससे धर्मशाला नगर निगम को आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक केंद्रीकृत कार्यालय मिल सका। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि समृद्धि भवन धर्मशाला की शहरी व्यवस्थाओं को नई दिशा देगा। वन-पोर्टल सिस्टम से जनता को घर बैठे अधिकांश सेवाएं उपलब्ध होंगी। यह समय की बचत, पारदर्शिता और सुगम प्रशासन की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस अवसर पर विधायक सुरेश कुमार, पूर्व सांसद विप्लव ठाकुर, धर्मशाला की महापौर नीनू शर्मा, कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी, हिमाचल प्रदेश वूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज ठाकुर, एपीएमसी कांगड़ा के अध्यक्ष निशु मोंगरा और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# मंडी शहर में जल्द लागू होगा रोड साइड पेड पार्किंग मॉडल

## खुली जगह पर गाड़ी खड़ी करने पर देना होगा शुल्क



रोड किनारे खड़ी गाड़ियां। - समर न्यूज़

**धर्मवीर | मंडी**
**समर न्यूज़**

यदि आप मंडी शहर में सड़कों के किनारे खाली जगह देखकर अपनी गाड़ी खड़ी कर देते हैं तो जल्द ही यह आदत आपको महंगी पड़ सकती है। छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध मंडी में अब रोड-साइड पेड पार्किंग सिस्टम शुरू करने की तैयारी जोर पकड़ चुकी है। मंडी सदर के विधायक अनिल शर्मा इस नए मॉडल को लागू करने की दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं। प्रस्ताव तैयार हो चुका है और इसे नगर निगम के माध्यम से अमल में लाया जाएगा। विधायक अनिल शर्मा के अनुसार, शहर की कई सड़कें हाल ही में चौड़ी हुई हैं, जिससे उनके आसपास स्वाभाविक रूप से पार्किंग के लिए स्थान उपलब्ध हो गया है। अभी इन जगहों पर लोग बिना किसी शुल्क के वाहनों को खड़ा कर देते हैं, जिससे अक्सर अव्यवस्था और ट्रैफिक समस्या पैदा होती है। इसी स्थिति को देखते हुए अब तय किया गया है कि इन सभी स्थानों को व्यवस्थित पेड पार्किंग जोन में बदला जाएगा।

योजना के अनुसार, सड़क किनारे उपलब्ध खाली स्थानों पर कंक्रीट की पक्की पार्किंग लेन बनाई जाएंगी। इन पार्किंग स्थलों को इस प्रकार विकसित किया जाएगा कि वहां वाहन आसानी से खड़े किए जा सकें और ट्रैफिक की आवाजाही पर भी कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े। अनिल शर्मा का कहना है कि पेड पार्किंग केवल उन्हीं स्थानों पर बनाई जाएगी जहां सड़क की चौड़ाई और यातायात का प्रवाह इसकी अनुमति देता हो। विधायक ने यह भी बताया कि शहर में कई ऐसे स्थान पहले ही चिन्हित कर लिए गए हैं जहां आगामी समय में इस मॉडल को लागू किया जा सकता है। जैसे ही नगर निगम की औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी होंगी, रोड-साइड पेड पार्किंग सिस्टम चरणबद्ध तरीके से शुरू कर दिया जाएगा।ध्यान देने योग्य है कि मंडी शहर फिलहाल गंभीर पार्किंग संकट का सामना कर रहा है। नई पार्किंग सुविधाएं लगातार विकसित की जा रही हैं, लेकिन वाहनों की संख्या इतनी तेज़ी से बढ़ रही है कि मौजूदा पार्किंग क्षमता कम पड़ती जा रही है। ऐसे में रोड-साइड पेड पार्किंग सिस्टम शहर में पार्किंग प्रबंधन को बेहतर बनाने की एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो सकती है।

# जिला अध्यक्ष का चयन कार्यकर्ताओं और जनता की पसंद से होगा : सुखदेव पांसे



कांग्रेस संगठन प्रभारी सुखदेव पांसे जानकारी देते हुए। - समर न्यूज़

**राकेश | ऊना**
**समर न्यूज़**

कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी सुखदेव पांसे जिला ऊना पहुंचे। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उनके आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए जिला संगठन चुनाव को लेकर पार्टी की मंशा और दिशा स्पष्ट की। सुखदेव पांसे ने कहा कि कांग्रेस ने अहमदाबाद अधिवेशन में यह तय किया था कि देशभर में संगठन को मजबूत बनाने के लिए जिला अध्यक्षों के चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से कराए जाएंगे। इसी सिलसिले में विभिन्न राज्यों में वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# गांव की बेटी भावना बनीं वर्ल्डकप हीरोइन

## परिवार और कोचों का साथ बना हौसला, एशियन गेम्स में चयन न होने का दर्द बना ताकत

**धर्मवीर | मंडी**
**समर न्यूज़**



भावना का गांव पहुंचने पर स्वागत करते लोग। - समर न्यूज़

जिले के पिपलागलू गांव की रहने वाली भावना ठाकुर महिला कबड्डी वर्ल्ड कप में भारत को जीत दिलाने वाली खिलाड़ियों में शामिल हैं। लेकिन उनका यह सफर आसान नहीं रहा। भावना के जीवन में एक समय ऐसा आया था जब उन्होंने कबड्डी को हमेशा के लिए छोड़ने का फैसला कर लिया था। विश्व विजेता बनकर घर लौटने पर भावना और उनके गुरुओं ने उस कठिन दौर की यादें साझा कीं। मंडी जिला कबड्डी संघ के सचिव नेत्र सिंह ठाकुर बताते हैं कि भावना ने वर्ष 2014 में खेल की शुरुआत की और जल्द ही जूनियर नेशनल में जगह बनाई। इसके बाद परिस्थितियां बदलीं और एक निजी अकादमी द्वारा एडमिशन के लिए दबाव डाले जाने पर भावना खेल से दूर हो गईं। बिना किसी को बताए वह होस्टल छोड़कर घर लौट आईं। कबड्डी संघ के नेत्र सिंह और प्रेम ठाकुर तुरंत उसके घर पहुंचे और पिता प्रेम सिंह की मदद से उसे समझाया। उन्होंने भावना को खेल जारी रखने के लिए मनाया और देवता की कसम तक दिलाई कि वह दोबारा कबड्डी नहीं छोड़ेगी। उसी दिन से भावना ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

भावना ने बताया कि 11 वर्षों का सफर संघर्षों से भरा रहा। कई बार सिलेक्शन नहीं हुआ, आर्थिक चुनौतियां भी रहीं, लेकिन परिवार, कोचों और कबड्डी संघ ने हर कदम पर सहयोग दिया। कोरोना काल में गांव में अभ्यास करना सबसे कठिन था। वर्ष 2022 में एशियन गेम्स के लिए चयन न होना उनके लिए बड़ा झटका था। फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाकर भारत को गौरवान्वित किया। अब उनका अगला लक्ष्य एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतना है।भावना के पिता प्रेम सिंह कहते हैं कि उन्होंने कभी अपनी बेटी को खेलने से नहीं रोका। वह हर पल उसके साथ खड़े रहे और आज बेटी की सफलता उन्हें गर्व से भर देती है।

**उपलब्धि** रबी सीजन से किसानों को मिलेगा नेचुरल सीड

# हिमाचल बना प्राकृतिक तकनीक से बीज तैयार करने वाला पहला राज्य

**समर न्यूज़ | शिमला**



खेत में हल चलाता किसान। - समर न्यूज़

देवभूमि हिमाचल प्रदेश एक बार फिर ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करने जा रहा है। प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में देश को नई दिशा देने की तैयारी में लगे इस पहाड़ी राज्य ने अब बीज उत्पादन में भी नेचुरल फार्मिंग तकनीक अपनाने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार अगले रबी सीजन से कृषि विभाग के विक्रय केंद्रों पर पहली बार प्राकृतिक तकनीक से तैयार किए गए बीज उपलब्ध करवाएगी। इससे हिमाचल प्राकृतिक तकनीक से सरकारी स्तर पर बीज तैयार करने वाला देश का पहला राज्य बनने की दिशा में कदम बढ़ा चुका है।

कृषि विभाग के स्टेट प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटिंग यूनिट प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के डिप्टी डायरेक्टर मोहिंदर सिंह भवानी के अनुसार प्राकृतिक खेती में हिमाचल देश में अग्रणी बन चुका है। राज्य प्राकृतिक उत्पादों पर देश में सबसे अधिक एमएसपी देने वाला पहला राज्य है। वर्तमान में लगभग 3 लाख किसान प्राकृतिक खेती से जुड़े हुए हैं और उनके उत्पाद एसएसपी पर खरीदे जा रहे हैं। विभाग इनके आटे, दलिया और सत्तू जैसे उत्पाद भी उपभोक्ताओं तक पहुंचा रहा है। भवानी बताते हैं कि प्राकृतिक खेती की सफलता के बावजूद बीज उत्पादन का कार्य बाहरी राज्यों पर निर्भर था, क्योंकि अधिकांश बीज रसायन-ट्रीटेड स्वरूप में आते थे। अब सरकार ने तय किया है कि बीज भी नेचुरल तकनीक से तैयार किए जाएंगे। इसके लिए प्रदेश के 35 कृषि फार्मों में से 12 फार्मों पर गेहूं के प्राकृतिक बीज का उत्पादन शुरू हो गया है। इन बीजों को गौ-मूत्र और प्राकृतिक जड़ी-बूटियों के मिश्रण से तैयार किया जा रहा है। प्रारंभिक चरण में इन्हें प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को उपलब्ध करवाया जाएगा। राज्य भविष्य में किसानों से भी प्राकृतिक बीज खरीदने की संभावनाओं पर विचार कर रहा है। विभाग का कहना है कि जब पर्याप्त बीज उत्पादन होने लगेगा, तब बाहरी राज्यों से आयात बंद कर प्रदेश अपने किसानों को ही प्राकृतिक बीज उपलब्ध कराएगा। हिमाचल में प्राकृतिक खेती का विस्तार तेजी से हो रहा है। प्रदेश के सभी 12 जिलों में कुल 2.9 लाख से अधिक किसान इसके अंतर्गत काम कर रहे हैं, जिनमें कांगड़ा (48,086), मंडी (44,654), शिमला (25,922) और हमीरपुर (20,278) शीर्ष पर हैं। एमएसपी की उपलब्धता और रसायन-मुक्त खेती के फायदों ने किसानों में नई उम्मीद जगाई है।

# सीएम सुक्खू से मुलाकात न होने पर पैरा वर्करों की शिमला में अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

**धर्मवीर | मंडी**
**समर न्यूज़**



मांगों को लेकर बैठे पैरा वर्कर। - समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश के पैरा वर्करों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। धर्मशाला में आयोजित शीतकालीन सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मिलने की उम्मीद लेकर पहुंचे पैरा वर्करों को एक बार फिर निराशा हाथ लगी। हिमाचल प्रदेश पैरा वर्कर कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष विवेक कुमार ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने न तो उनकी समस्याएं सुनीं और न ही उनसे मिलने की कोई कोशिश की। महासंघ के अनुसार, प्रदेशभर से आए पैरा वर्करों ने 28 नवंबर को तपोवन के पास जोरदार धरना-प्रदर्शन किया था। उनका उद्देश्य केवल मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी मांगों को सामने रखना था, लेकिन पूरे दिन इंतजार करने के बावजूद उन्हें मुलाकात का मौका नहीं मिला। केवल विधायक आरएस बाली वहां पहुंचे और उन्होंने आश्वासन देकर कर्मचारियों को समझाने की कोशिश की, परंतु पैरा वर्करों का कहना है कि बार-बार केवल आश्वासन मिल रहा है, समाधान नहीं।

विवेक कुमार ने बताया कि कुछ प्रतिनिधि स्वयं मुख्यमंत्री से मिलकर स्थिति समझाने के लिए आगे बढ़े, लेकिन सीएम ने मुलाकात को प्राथमिकता नहीं दी। उनका आरोप है कि सरकार छोटे कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह रवैया साफ दर्शाता है कि निचले स्तर पर काम कर रहे कर्मचारियों की आवाज को सुनने के प्रति सरकार संवेदनशील नहीं है।

# विधानसभा में होगी नशामुक्ति मैराथन

**समर न्यूज़ | शिमला**

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में चिट्टा माफिया पर कड़ा रुख अपनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नशे का कारोबार प्रदेश को खोखला कर रहा है और सरकार इसे जड़ से खत्म करने के लिए कड़े कानूनों और निरंतर कार्रवाई पर जोर दे रही है। सीएम ने बताया कि पुलिस व एसआईटी ने हाल के महीनों में कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनकी अवैध संपत्तियां भी जब्त की गई हैं। सुक्खू ने नशामुक्ति मैराथन आयोजित करने की घोषणा करते हुए समाज, मीडिया और सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील की ताकि नशे के खिलाफ जन आंदोलन खड़ा किया जा सके।

# सड़कें,लाइट व अन्य विकास कार्य करवाए, जो वादे किए थे वह पूरे किए: पार्षद सुशील गर्ग

## -स्थानीय निवासी बोले, सेक्टर का हाल गांव से भी बुरा, करोड़ों रुपये के बजट के बाद भी कोई विकास कार्य नहीं हुए

**शालू मिरोक, मुकुल शर्मा| पंचकूला |समर न्यूज़**


मेरा वार्ड मेरा परिवार अभियान के तहत जानकारी देते पार्षद और स्थानीय लोग। -समर न्यूज़

मेरा वार्ड मेरा परिवार अभियान के तहत वार्ड नंबर 14 में पहुंचकर वार्ड में हो रहे विकास कार्य और परेशानियों के बारे में पार्षद और जनता से बातचीत की। स्थानीय

**मेरा वार्ड**
**मेरा परिवार**

निवासियों ने बताया कि वार्ड के हालात बहुत बुरे हैं। सेक्टर का हाल गांव से भी बुरा है। यहां काम नहीं हुआ। स्थानीय निवासी विनोद कुमार ने बताया कि पूरे पंचकूला में गंदगी का ढेर है। नशा खुलेआम बिकता है। बारिश में सेक्टर में पानी भर जाता है। पार्षदों को स्वच्छता के बारे में जानने के लिए दूसरे शहरों में भेजा जाता है। इसके बाद भी शहर स्वच्छ नहीं हो पाया। अगर हम नहीं समझ पाए कि स्वच्छता क्या है आने वाले बच्चों को स्वच्छता के बारे में क्या समझा पाएंगे। वार्ड में पिछले पांच सालों में रेहड़ी फड़ी पार्किंग कई तरह की समस्याएं हैं, लेकिन आजतक ये ठीक नहीं हो पाई। करोड़ों रुपये के बजट के बाद भी कोई विकास कार्य नहीं हुआ। स्वच्छता कुछ भी नहीं है। लोगों के घरों से कूड़ा नहीं उठाया जाता। स्थानीय निवासियों ने बताया कि सेक्टर बहुत गंदगी है। आवारा पशुओं से लोगों को बहुत परेशानी है। महिला ने बताया कि शहर में काफी ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाएं सुरक्षित महसूस नहीं करती। सरकार झूठा प्रचार करती है। लोगों ने बताया कि रोजगार नहीं है पार्किंग का बुरा हाल है।

वार्ड नंबर-14 से पार्षद सुशील गर्ग ने बताया कि उनके वार्ड में सभी काम हुए हैं। जितना काम उन्होंने वार्ड में करवाना था और जो वादे जनता से किए थे वह पूरे कर दिए हैं। सड़कें बनी हैं लाइटें लगी हैं और स्वच्छता के लिए बहुत कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि शहर को स्वच्छ रखना सिर्फ नगर निगम का काम नहीं है। शहर को स्वच्छ रखने के लिए लोगों को भी सहयोग करना पड़ेगा। पहले बारिश में पानी भर जाता था, लेकिन अब नहीं भरेगा। पानी की निकासी का काम पूरा हो गया है। वार्ड के सभी पार्क अच्छे बने हुए हैं। वार्ड नंबर-15 में खूब नशा बिकता है। उन्होंने थाने में भी इसकी शिकायत की थी। नशा रोकने के लिए काम हो रहा है। रेहड़ी, फड़ी का अतिक्रमण सेक्टर-20 में बहुत ज्यादा था, लेकिन अब नहीं है। कांग्रेस राज में शहर में कोई काम नहीं हुआ। भाजपा सरकार ने शहर की सूरत बदल दी है। क्राइम बढ़ा रहा है तो उसे कंट्रोल भी किया जा रहा है। लोग कह रहे हैं कुछ नहीं हुआ देखने से होगा कि वार्ड में क्या-क्या हुआ है।

# मंत्री ने एचआईवी से पीड़ित लोगों को दी सलाह

## -बोले, सामाजिक कलंक के साथ न जिएं इलाज करवाएं व स्वस्थ रहें


लोगों को सम्मानित करते हुए मंत्री डॉ. बलबीर सिंह। -समर न्यूज़

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली समर न्यूज़**

रयात बाहरा यूनिवर्सिटी खरड़ में पंजाब स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय वर्ल्ड एड्स डे समारोह में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने युवाओं को ड्रग्स से दूर रहने और नीडल शेयरिंग तुरंत बंद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एचआईवी संक्रमण को रोकने में युवाओं की जिम्मेदारी सबसे अहम है। मंत्री ने एचआईवी से पीड़ित लोगों को भी सामाजिक कलंक से बाहर निकलकर समय पर इलाज करवाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एचआईवी का प्रभावी इलाज उपलब्ध है। किसी को भी टेस्टिंग या उपचार से डरना नहीं चाहिए। हमें सामाजिक बदनामी खत्म कर जागरूकता बढ़ानी होगी ताकि पंजाब को 2030 तक एचआईवी-फ्री बनाया जा सके।

कार्यक्रम में पीएसएसीएस के प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं स्पेशल सेक्रेटरी हेल्थ घनश्याम थोरी, रयात बाहरा यूनिवर्सिटी के चेयरमैन एस. गुरविंदर सिंह, ग्रुप वाइस-चांसलर प्रो. संजय कुमार और पूर्व विधायक गुरप्रीत सिंह जीपी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह में एचआईवी एड्स की रोकथाम और देखभाल में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 14 संस्थाओं को सम्मानित किया गया। डॉ. बलबीर सिंह ने इस वर्ष की थीम रुकावट को समाप्त करना, एड्स के प्रति अपना व्यवहार बदलना पर जोर देते हुए जागरूकता, सामुदायिक सहयोग और नवाचार को एचआईवी के खिलाफ लड़ाई की सबसे बड़ी जरूरत बताया।

उन्होंने बताया कि 2022 में शुरू हुए नेशनल एड्स कंट्रोल प्रोग्राम के पांचवें चरण का लक्ष्य थ्री 95 प्रतिशत है। 95 प्रतिशत संक्रमित लोगों को अपना एचआईवी स्टेटस पता हो, 95 प्रतिशत को निरंतर उपचार मिले और 95 प्रतिशत का वायरल लोड नियंत्रित हो। पंजाब में 115 आईसीटीसी सेंटर मुफ्त एचआईवी टेस्टिंग और 25 एआरटी सेंटर लगभग 68,000 लोगों को मुफ्त एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा, 71 टारगेटेड इंटरवेंशन यूनिट्स हाई-रिस्क समूहों के बीच जागरूकता और रोकथाम का काम कर रही हैं। नीडल शेयरिंग रोकने के लिए राज्य 43 ओपिओइड सब्सीट्यूशन थेरेपी सेंटर भी चला रहा है, जहां नशा छुड़ाने की दवाएं और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। एचआईवी से जुड़े भेदभाव को रोकने के लिए पंजाब ने एचआईवी, एड्स प्रिवेंशन एंड कंट्रोल एक्ट लागू किया है, जिसके तहत कई जिलों में लोकपाल और शिकायत अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

## पिंजौर से चोरी हुआ सोनालिका ट्रैक्टर पुलिस ने पंजाब से किया बरामद

# पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**समर न्यूज़| पंचकूला**


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। -समर न्यूज़

पिंजौर थाना क्षेत्र से 12 अक्टूबर की रात चोरी हुए सोनालिका ट्रैक्टर को क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 ने कार्रवाई करते हुए पंजाब से बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर अहम सफलता हासिल की है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के अनुसार, 13 अक्टूबर को एक किसान ने शिकायत दी थी कि उसका ट्रैक्टर घर के बाहर से चोरी हो गया। मामले की गंभीरता देखते हुए जांच क्राइम ब्रांच-26 को सौंपी गई। डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि 28 नवंबर को गुप्त सूचना मिलने पर टीम ने चमकौर साहिब में रेड कर मुख्य आरोपी सतविंद्र सिंह उर्फ सन्नी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि ट्रैक्टर को वह फतेहगढ़ साहिब निवासी बिरेन्द्र सिंह को बेच चुका है। उसी दिन पुलिस ने मोरिंडा से बिरेन्द्र सिंह को भी पकड़ लिया। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर चोरी हुआ ट्रैक्टर बरामद किया गया। 29 नवंबर को अदालत में पेश कर दोनों को दो दिन का पुलिस रिमांड मिला, जिसके दौरान ट्रैक्टर से जुड़ा अन्य सामान भी कब्जे में लिया गया। एएसआई विक्रांत, एएसआई राजेश और टीम के अन्य सदस्यों ने इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## आल्टो और XUV-300 की आमने-सामने टक्कर

**खुशविंदर धालीवाल| जीरकपुर समर न्यूज़**

मुबारिकपुर–रामगढ़ रोड पर मंगलवार शाम HP पेट्रोल पंप के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। पंजाब मोहाली नंबर की आल्टो कार और यूपी नंबर की XUV-300 आमने-सामने टकरा गईं, जिससे दोनों वाहनों के आगे के हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दोनों कारें तेज रफ्तार में थीं और मोड़ पर अचानक आमने-सामने आ गईं। टक्कर की आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। हादसे में सभी लोग घायल हुए हैं, लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने वाहनों को हटाकर सड़क पर यातायात बहाल कर दिया है।

## विरासत और पर्यावरण से युवाओं को जोड़ रहा सरकार का विशेष भ्रमण कार्यक्रम

# सीयू के छात्रों ने किया नेचर कैंप थापली का दौरा


चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के छात्र नेचर कैंप थापली का दौरा करते हुए। -समर न्यूज़

**मुकुल शर्मा | पंचकूला समर न्यूज़**

युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों और प्रकृति संरक्षण के महत्व से जोड़ने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा विशेष पहल के रूप में दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। दो दिवसीय विशेष भ्रमण कार्यक्रम के तहत विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव और नेचर कैम्प थापली का अवलोकन कर न केवल इतिहास, संस्कृति व अध्यात्म से जुड़ रहे हैं, बल्कि पर्यावरणीय जागरूकता और नेतृत्व क्षमता भी विकसित कर रहे हैं। हरियाणा सरकार के युवा कल्याण संयोजक नरेंद्र सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा शक्ति को ज्ञान, कौशल और संस्कृति से सशक्त बनाकर भविष्य की कठिनाइयों के लिए तैयार करना है। इसी कड़ी में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने नेचर कैम्प थापली का भ्रमण कर प्रकृति संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। संयोजक नरेंद्र सिंह ने बताया कि यह पहल युवाओं में अपने जीवन मूल्यों, विरासत और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को मजबूत करेगी। थापली नेचर कैम्प के डिप्टी रेंजर विजय नेहरा, ने विद्यार्थियों को वन्यजीव संरक्षण, परिसर की विविधता, ट्रैकिंग मार्ग और सुरक्षा दिशानिर्देशों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नेचर कैम्प थापली हरियाणा वन विभाग द्वारा विकसित एक प्रमुख प्रकृति संरक्षण केंद्र है, जहाँ शोधार्थी, विद्यार्थी और प्रकृति प्रेमी नियमित रूप से अध्ययन के लिए आते हैं। भ्रमण के दौरान छात्रों ने प्रकृति के साथ समय बिताते हुए पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता संरक्षण की महत्ता को समझा।

# वर्क फ्रॉम होम के नाम पर 9.27 लाख की ठगी

## पुलिस ने आरोपी को हिसार से किया गिरफ्तार, तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

**मुकुल शर्मा | पंचकूला समर न्यूज़**


पुलिस की गिरफ्त में ठगी का आरोपी। -समर न्यूज़

साइबर क्राइम थाना टीम ने 9 लाख रुपए की साइबर ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिसार से गिरफ्तार किया है। मामले में शिकायतकर्ता जो पंचकूला का निवासी है उसने 2 मई को साइबर क्राइम थाना में दी अपनी शिकायत में बताया था कि 16 अप्रैल को उसे टेलीग्राम के माध्यम से वर्क फ्रॉम होम के नाम पर आकर्षक मुनाफे का लालच दिया गया। शुरुआती चरण में आरोपी द्वारा थोड़ा लाभ भेजकर उसका विश्वास जीत लिया गया। इसके बाद 16 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच कुल 9,27,524 रुपए की धोखाधड़ी कर ली गई। शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2) व 318(4) के तहत मामला दर्ज किया।

साइबर एसएचओ युद्धवीर सिंह की अगुवाई में जांच अधिकारी भूप सिंह ने टीम के साथ आरोपी सुनील कुमार पुत्र रामफल, निवासी गांव कुलेरी, अग्रोहा जिला हिसार को 30 नवंबर को रेड के दौरान हिसार से गिरफ्तार किया।

डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि आरोपी को 1 दिसंबर को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान हुई प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि इस मामले की ठगी में से 4 लाख 18 हजार रुपए आरोपी के बैंक खाते में पाए गए हैं। साथ ही यह भी सामने आया है कि आरोपी के बैंक खातों में अन्य मामलों की साइबर ठगी के मिलाकर कुल करीब 1 करोड़ 33 लाख रुपए की रकम लेन-देन में पाई गई है। पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि आरोपी की तलाश उत्तर प्रदेश पुलिस सहित हरियाणा के कई जिलों की पुलिस को भी थी। आरोपी हर बार पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता था। प्रारंभिक पूछताछ में इस साइबर अपराध में अन्य आरोपियों की संलिप्तता के संकेत भी मिले हैं। पुलिस अब उन तत्वों की पहचान कर रही है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियों की संभावना है।

# संविधान में सभी को शिक्षा का समान अधिकार: नागरा

## • प्रयोग फाउंडेशन ने बागवाला स्कूल में बच्चों को दिए गर्म वस्त्र

**समर न्यूज़| पंचकूला**


बच्चों को वस्त्र देते हुए फाउंडेशन के सदस्य। -समर न्यूज़

भारत के संविधान में सभी को एक समान शिक्षा का अधिकार दिया गया है। शिक्षा सभी के लिए जरूरी है। उक्त विचार पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के अधिवक्ता अश्विनी नागरा ने प्रयोग फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे प्रोजेक्ट शिक्षा बैंक के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला बागवाला में स्कूली विद्यार्थियों को सर्दी के मौसम के मद्देनजर कोटी, स्वेटर तथा जुराबें आदि वितरित करने के बाद व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रयोग फाउंडेशन द्वारा दूर-दराज के गांवों में जाकर बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग कर रहे हैं यह बेहद सराहनीय है।

इस अवसर पर बतौर विशेष अतिथि पधारी हरियाणा नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष विनीता बांगड़ ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाने, जंक फूड से दूर रहने तथा पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। समाजसेवी ताज नंबरदार हरयोली ने इस मौके पर बच्चों को सर्दी से बचने बारे जागरूक करते हुए स्वास्थ्य पर ध्यान देने बारे कहा। प्रयोग फाउंडेशन के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि समाज सेवी पूजा जयसवाल के सहयोग से आज यहां सभी विद्यार्थियों को कोटी-स्वेटर तथा विनीता बांगड़ के सहयोग से बच्चों को गर्म जुराबें दी गई हैं। तीन माह पहले स्कूल के सभी बच्चों को पाठय सामग्री व डेंटल किट दी गई थी। गांव के सरपंच प्रतिनिधि सुभाष राणा, स्कूल मुख्य अध्यापिका कविता देवी तथा प्रवीन कुमारी ने समय-समय पर विद्यार्थियों के लिए किए जा रहे सहयोग के लिए प्रयोग फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।

## अकादमी ने पंजाब कला भवन में आयोजित किया वार्षिक समारोह

**चंडीगढ़|** विद्यार्थियों को नृत्य कला में पारंगत बनाने में जुटी नृत्यायतन अकादमी फॉर क्लासिकल डांस एंड म्यूजिक ने अपना 13वां वार्षिक समारोह सेक्टर-16 स्थित पंजाब कला भवन में आयोजित किया। कार्यक्रम में अकादमी के विद्यार्थियों ने पारंपरिक भारतीय नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियां दी जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। बतौर मुख्य अतिथि पधारी सीसीएन की संचालक अनु शर्मा ने अकादमी द्वारा प्रदान की जा रही शिक्षा की सराहना करते हुए कहा कि अब बच्चे डांस व नृत्य के क्षेत्र में भी अपना करियर बना सकते हैं। वार्षिक समारोह नृत्यायतन की भारतीय शास्त्रीय कला को संरक्षित और प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है।

**उपलब्धियां**

## बीएसएफ ने हीरक जयंती पर मनाया 60वां स्थापना दिवस

# एडीजी सतीश एस खंडारे ने किया बीएसएफ की उपलब्धियों का उल्लेख

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**


एडीजी सतीश एस खंडारे जानकारी देते हुए। -समर न्यूज़

सीमा सुरक्षा बल ने अपने 60 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह और गौरव के साथ मनाया। पश्चिमी कमान मुख्यालय, चंडीगढ़ के लखनौर (मोहाली) और इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2 कैंपस में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएसएफ के अपर महानिदेशक आईपीएस सतीश एस खंडारे ने की। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देने और शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। एडीजी ने देश की रक्षा में बीएसएफ के अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि सीमाओं की सुरक्षा में बल की भूमिका निरंतर मजबूत हुई है।

एडीजी खंडारे ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि बीएसएफ की स्थापना 1 दिसंबर 1965 को 25 बटालियनों के साथ हुई थी जो आज बढ़कर 193 हो चुकी हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ 6,386 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी बीएसएफ निभा रही है। अकेले पश्चिमी कमान भारत-पाक सीमा पर 2,289.66 किलोमीटर क्षेत्र की सुरक्षा कर रही है।

उन्होंने बताया कि बीएसएफ विश्व का सबसे बड़ा सीमा सुरक्षा बल है, जिसमें एयर विंग, वाटर विंग, आर्टिलरी रेजिमेंट और 2.76 लाख से अधिक जांबाज जवान शामिल हैं। पश्चिमी कमान कश्मीर, जम्मू, पंजाब, राजस्थान और गुजरात समेत पांच फ्रंटियर्स में प्रभावी सीमा प्रबंधन कर रही है।

**▪ ऑपरेशन सिंदूर सहित अन्य उपलब्धियां...**

बीएसएफ ने पाकिस्तानी हमलों का करारा जवाब देने, घुसपैठ रोकने और दुश्मन के ढांचों को ध्वस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एंटी-ड्रोन सिस्टम की मदद से पाकिस्तानी ड्रोन गतिविधियों को प्रभावी ढंग से बेअसर किया गया। इसी अभियान में वीरता दिखाने वाले जवानों को 2 वीर चक्र और 16 वीरता पुरस्कार प्रदान किए गए। 2025 की भीषण बाढ़ के दौरान बीएसएफ ने सेना, वायुसेना और एनडीआरएफ के साथ मिलकर हजारों ग्रामीणों को सुरक्षित निकाला। जम्मू के अखनूर सेक्टर में हेलीकॉप्टर से 45 लोगों को बचाया गया। प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल और पशु चिकित्सा कैंप भी लगाए गए। बीएसएफ ने मल्टी-लेयर्ड तकनीक का उपयोग कर 2025 में 278 पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किए। पश्चिमी सीमा पर 380 किलो से अधिक हेरोइन, 200 से अधिक हथियारों की जब्ती और 53 पाक तस्करों घुसपैठियों की गिरफ्तारियां दर्ज की गईं। लगभग 23,000 बीएसएफ कर्मियों को पदोन्नति दी गई। स्टेनोग्राफर और लिपिक वर्ग के कैडर रिव्यू को मंजूरी मिल चुकी है, जबकि इंजीनियरिंग और ग्रुप-ए अधिकारियों का कैडर रिव्यू भी जल्द मंजूर होगा।

10 बटालियन के कांस्टेबल अनुज को अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मुख्य आरक्षक पद पर पदोन्नति दी गई। 155 बटालियन की महिला कांस्टेबल शिवानी को वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने पर आउट-ऑफ-टर्न प्रमोशन दिया गया—21 वर्षों में ऐसा प्रमोशन पहली बार हुआ है। स्थापना दिवस के अवसर पर बड़ाखाना और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। सेवारत और सेवानिवृत बीएसएफ कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एडीजी खंडारे ने सभी बलकर्मियों से सीमाओं पर सतर्कता और बल की गरिमा बनाए रखने की अपील की। जल्द ही मुख्यालय में सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक अलंकरण समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

# जिलावासियों को वर्ल्ड एड्स डे के उपलक्ष्य पर जागरूक किया


स्वास्थ्य विभाग की टीम लोगों को जागरूक करती हुई। -समर न्यूज़

**समर न्यूज़ | पंचकूला**

वर्ल्ड एड्स डे के उपलक्ष्य में सिविल सर्जन डॉ मुक्ता कुमार के दिशानिर्देश व डॉ संदीप डिप्टी सिविल सर्जन एड्स के सुपरविजन में जिला में स्वास्थ्य विभाग के एड्स कंट्रोल सोसाइटी के द्वारा एड्स जागरूकता कार्यक्रम करवाये गए। जिसके अंतर्गत आर्मी एरिया में लगभग 250 जवानों को एचआईवी की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई।डिप्टी सिविल सर्जन ने बताया कि इसके साथ-साथ आयुष डिस्पेंसरी सेक्टर-9 में एड्स जागरूकता वर्कशाप व गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 60 -70 लोगों को एचआईवी के फैलने व बचने के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके उपरांत कोर्ट परिसर में लगभग 40 -50 डीएलएसए स्टाफ व वहाँ मौजूद अन्य लोगों को भी एचआईवी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत सीआरपीएफ पिंजौर में आर्मी के लगभग 90 जवानों को एड्स से संबंधित विस्तृत जानकारी व बचाव के उपायों को विस्तार से बताया गया।

# शादी के बाद एक्ट्रेस सामंथा रुथ ने बहनों के लिए लिखा दिल छू लेने वाला पोस्ट



**मुंबई**। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी शादी को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में सीरीज 'द फैमिली मैन' के को-डायरेक्टर राज निदिमोरु से शादी कर ली है। मंगलवार को अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर अपनी बहनों की तस्वीर पोस्ट कर लिखा, "मेरी प्यारी बहनों ने मुझे हमेशा बहुत कुछ सिखाया है और आज भी मुझे बेहतर इंसान बनाने के लिए रास्ता दिखाती रहती हैं। मेरी प्यारी बहनों, मैं तुमसे बहुत प्यार करती हूं और हमेशा करती रहूंगी।" 'फैमिली मैन 2' से वेब सीरीज की दुनिया में कदम रखने वाली अभिनेत्री सामंथा ने अपने करियर की शुरुआत बतौर मॉडल की थी। इसके बाद उन्होंने 2010 में तमिल फिल्म 'विन्नैथांडी वरुवाया' से डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने साउथ सिनेमा की कई फिल्मों में काम किया। सामंथा ने अपनी मेहनत के दम पर 'थेरी', '10 एंड्राथुकुल्ला', तेलुगू फिल्म 'डुकुडू', 'जनता गैराज', 'अ आ', 'अनजान', और 'सन ऑफ सत्यमूर्ति' में दर्शकों के बीच खास पहचान बनाई थी। इसके बाद अभिनेत्री ने वेब सीरीज 'फैमिली मैन 2' से हिंदी सिनेमा में कदम रखा। वे वेब सीरीज 'सिटाडेल हनी बनी' में वरुण धवन के साथ भी काम कर चुकी हैं।

अभिनेत्री सामंथा ने हाल ही में निर्देशक राज निदिमोरु से शादी की है। उन्होंने सोमवार को एक पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी थी। हालांकि दोनों के डेटिंग की खबरें 'द फैमिली मैन' के दूसरे सीजन के बाद से सुर्खियों में थीं, लेकिन दोनों ने इस बात की ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की थी। सामंथा और राज की ये दूसरी शादी है। 2021 में सामंथा ने नागा चैतन्य से तलाक ले लिया था, तो वहीं राज ने श्यामाली डे से 2022 में तलाक ले लिया था।





# हॉलीवुड में कुछ बड़ा करना चाहती हैं प्रियंका चोपड़ा

**मुंबई**। अपनी मेहनत और हौसले के बलबूते पर प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय किया है। हिंदी सिनेमा में भी एक्ट्रेस को काफी संघर्ष करना पड़ा, लेकिन अब वे ग्लोबल स्टार बन चुकी हैं और बॉलीवुड-हॉलीवुड दोनों तरह की फिल्मों से फैंस का दिल जीत रही हैं। हालांकि, आज भी प्रियंका का कहना है कि हॉलीवुड में उन्हें बहुत कुछ करना है। प्रियंका चोपड़ा ने साल 2015 में अमेरिकी टीवी सीरीज 'क्वांटिको' से हॉलीवुड में कदम रखा और उसके बाद 'बेवॉच', 'इजंट इट रोमांटिक', 'द व्हाइट टाइगर', 'द मैट्रिक्स रिसरेक्शंस', 'हेड्स ऑफ स्टेट्स', और एक्शन थ्रिलर सीरीज 'सिटाडेल' जैसे प्रोजेक्ट्स में काम किया। अपनी हॉलीवुड जर्नी पर बात करते हुए प्रियंका चोपड़ा ने आईएएनएस से कहा, "मैं इन सब के बारे में थोड़ा सोचती हूं, क्योंकि एक कलाकार होने के नाते मुझे अंग्रेजी भाषा में अभी और भी काम करना है। मुझे लगता है कि मैंने अभी शुरुआत भी नहीं की है। मैंने हिंदी सिनेमा में लगभग हर तरह का काम किया है और अब मैं वैसा ही काम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर करना चाहती हूं।" प्रियंका ने आगे कहा कि वे ऐसे प्रोजेक्ट्स में काम करना चाहती हैं जिनके किरदार या फिल्म संस्कृति से जुड़े हों और लोगों को उनसे प्रेरणा मिले। अपनी खुद की फिल्म प्रोडक्शन कंपनी पर्पल पेबल पिक्चर्स पर बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि वे 'बॉर्न हंग्री' जैसी और खूबसूरत कहानियों पर काम करना चाहती हैं। एक्ट्रेस निर्देशक बैरी एवरिच के साथ मिलकर और प्रोजेक्ट्स भी करना चाहती हैं। वे उनके काम करने के तरीके से बहुत प्रभावित हैं।

बता दें कि 'बॉर्न हंग्री' डॉक्यूमेंट्री एक्ट्रेस के पर्पल पेबल पिक्चर्स के बैनर तले बनी है। डॉक्यूमेंट्री बीते साल 2024 में रिलीज हुई थी और डॉक्यूमेंट्री को वैश्विक स्तर पर अच्छा रिस्पांस मिला था।

हॉलीवुड में अपनी धाक जमाने के साथ प्रियंका उन कलाकारों, निर्माताओं और निर्देशकों को भी सपोर्ट करना चाहती हैं, जिन्हें अपना हुनर दिखाने के लिए एक मंच या मौके की तलाश है। उन्होंने कहा कि हमें उन कलाकारों को आगे लाना पसंद है, चाहे वे फिल्म निर्माता हों, लेखक हों, अभिनेता हों, या कोई भी प्रतिभा हो जो दुनिया भर में अपनी पहचान बनाना चाहती हो। हम उन्हें एक मंच देना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिन फिल्म निर्माताओं, लेखकों और अभिनेताओं को एक वैश्विक मंच की ज़रूरत है, उनको सपोर्ट करना हमारा मेन फोकस रहता है।

# गले की खराश और दर्द से मिनटों में राहत देंगी ये तीन चीजें

सर्दियों में बार-बार तापमान का बदलना और हवा गले की नमी छीन लेते हैं।

आयुर्वेद के अनुसार, सर्दियों में शरीर का वात और कफ दोनों असंतुलित हो जाते हैं, जिससे गला जल्दी सूखने, भारी होने या बैठ जाने लगता है। विज्ञान भी मानता है कि ठंडी और सूखी हवा गले की म्यूकस लाइनिंग को प्रभावित करती है, जिससे वायरस और बैक्टीरिया शरीर में तेजी से पकड़ बना लेते हैं। ऐसे में गले में दर्द, खराश, आवाज बैठना और खाना निगलने में परेशानी होना आम है, लेकिन अगर घर की रसोई में मौजूद कुछ चीजों से प्राकृतिक उपाय किए जाएं, तो इससे समस्या से जल्द राहत मिलती है। काली मिर्चः काली मिर्च को आयुर्वेद में एक ऐसी औषधि के रूप में माना गया है, जो बलगम को कम करने में मदद करती है। काली मिर्च में पाया जाने वाला पाइपरीन नामक तत्व गले में जमा अतिरिक्त कफ को कम करता है और आवाज को साफ बनाता है। जब इसे मिश्री के साथ चबाकर खाया जाता है तो यह गले की सूजन और भारीपन को कम करने में मदद करता है। मिश्री गले के लिए शीतल और मुलायम प्रभाव देने वाली मानी जाती है, जो जलन और खराश को कम करती है।



विज्ञान के मुताबिक, काली मिर्च का एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रभाव गले की सूजन कम करता है, जिससे आवाज पहले से ज्यादा साफ महसूस होती है। तुलसी और काली मिर्च से बना काढ़ा इसमें और ताकत जोड़ता है क्योंकि तुलसी में मौजूद यूजेनॉल गले के इंफेक्शन से लड़ने में मदद करता है।

अदरकः सर्दियों में अदरक का रस गले के लिए किसी प्राकृतिक औषधि से कम नहीं होता। आयुर्वेद में अदरक को पाचन और श्वसन तंत्र को मजबूत करने वाला माना गया है। अदरक में मौजूद जिंजरॉल नामक तत्व सूजन को कम करने और दर्द में राहत देने का काम करता है। जब इसका रस नींबू और सेंधा नमक के साथ लिया जाता है तो यह गले की मांसपेशियों को आराम देता है और सूजन को जल्दी शांत करता है। नींबू की हल्की अम्लीय प्रकृति गले में जमा बैक्टीरिया को कम करती है और सेंधा नमक गले की सफाई में सहयोग करता है। वैज्ञानिक अध्ययनों में भी पाया गया है कि अदरक वायरल इंफेक्शन की तीव्रता को कम करने में मददगार है।

मुलेठीः मुलेठी को आयुर्वेद में यष्टिमधु कहा गया है और यह गले की सूजन, खराश और दर्द को शांत करती है। इसमें मौजूद प्राकृतिक मिठास गले पर एक सुरक्षात्मक परत बनाती है जिससे जलन कम होती है। मुलेठी के साथ-साथ मिश्री और आंवला...ये तीन चीजें मिलकर गले के लिए एक बेहतरीन प्राकृतिक टॉनिक होती हैं। आंवला विटामिन सी का प्रमुख स्रोत है और शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाता है। इसके एंटीऑक्सीडेंट गुण गले के संक्रमित टिश्यू को जल्दी ठीक होने में मदद करते हैं।

मिश्री इस मिश्रण को संतुलित करती है और गले को कोमलता प्रदान करती है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि मुलेठी में ग्लाइसीराइजिन नामक यौगिक होता है जो सूजन कम करता है और आंवला शरीर की हीलिंग प्रक्रिया को तेज करता है।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफीः काम न आया वैभव सूर्यवंशी का रिकॉर्ड शतक

**कोलकाता**। वैभव सूर्यवंशी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। मंगलवार को ईडन गार्डन में महाराष्ट्र के खिलाफ वैभव सूर्यवंशी ने धुआंधार शतक लगाया। बिहार की तरफ से खेलते हुए सूर्यवंशी ने सिर्फ 61 गेंदों पर 108 रन बनाए। इस पारी में उन्होंने सात चौके और सात छक्के लगाए। यह सूर्यवंशी का सिर्फ अपने 16वें प्रोफेशनल T20 मैच में तीसरा शतक था। इसके अलावा, यह उनका सबसे धीमा शतक है, जो 58 गेंदों में तीन अंकों तक पहुंचा। बिहार टीम की उपकप्तानी कर रहे सूर्यवंशी की 108 रन की पारी की बदौलत बिहार ने 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 176 रन का स्कोर बनाया। आकाश राज ने 26 और आयुष लोहारुका ने 25 रन बनाए। इस साल की शुरुआत में, सूर्यवंशी ने सिर्फ 14 साल और 23 दिन की उम्र में आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के तौर पर शतक लगाकर इतिहास रचा था।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ उन्होंने 35 गेंद पर शतक लगाया था। यह किसी भारतीय की आईपीएल की सबसे तेज सेंचुरी थी और क्रिस गेल के बाद ओवरऑल लीग की दूसरी सबसे तेज सेंचुरी थी। हालांकि वैभव सूर्यवंशी की शतकीय पारी बिहार के काम नहीं आई। बिहार को महाराष्ट्र ने 3 विकेट से हरा दिया।

महाराष्ट्र के लिए कप्तान पृथ्वी शॉ ने 30 गेंद पर 11 चौकों और 1 छक्के की मदद से 66 रन की पारी खेली। उनकी इस पारी की बदौलत महाराष्ट्र ने 19.1 ओवर में 7 विकेट पर 182 रन बनाकर मैच 3 विकेट से जीता। नीरज जोशी ने 30, रंजीत निकम ने 27 और निखील ने



22 रन बनाए। पृथ्वी शॉ प्लेयर ऑफ द मैच रहे। बिहार की तरफ से अगर किसी दूसरे बल्लेबाज ने भी तेजी से रन बनाए होते, तो वैभव का रिकॉर्ड शतक बिहार को महाराष्ट्र के खिलाफ जीत दे जाता।

# एशेजः गाबा टेस्ट से बाहर हुए उस्मान ख्वाजा

**ब्रिसबेन**। ऑस्ट्रेलिया के लिए सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ब्रिसबेन के गाबा में 4 दिसंबर से शुरू हो रही एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। वहीं इंग्लैंड ने इंजर्ड मार्क वुड की जगह गाबा टेस्ट के लिए ऑलराउंडर विल जैक्स को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया है। उस्मान ख्वाजा दो सप्ताह पहले पीठ में लगी चोट की वजह से दूसरे टेस्ट से बाहर हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने ख्वाजा के विकल्प के रूप में किसी खिलाड़ी को टीम में जगह नहीं देने का फैसला किया है। उस्मान ख्वाजा ने मंगलवार को गाबा में नेट्स में लगभग आधा घंटा बिताया। इस दौरान वह असहज दिखे। उनकी पीठ की चोट ठीक नहीं हुई है और वह दूसरे टेस्ट में खेलने के लिए पूरी तरह फिट नहीं दिखे। इसके बाद मैनेजमेंट ने उन्हें दूसरे टेस्ट से बाहर रखने का फैसला किया। वहीं गाबा टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने भी इंजर्ड तेज गेंदबाज मार्क वुड की जगह विल जैक्स को टीम में शामिल किया है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने पिंक-बॉल टेस्ट के लिए अपनी लाइनअप की




घोषणा करते हुए कहा, "इंग्लैंड ने पर्थ में पहले एशेज टेस्ट से अपनी प्लेइंग इलेवन में एक बदलाव किया है, जिसमें स्पिनिंग ऑलराउंडर विल जैक्स को चोटिल मार्क वुड की जगह शामिल किया गया है।" जैक्स की तीन साल बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है। उनके आने से टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों मजबूत हुई है। गाबा टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीमः स्टीव स्मिथ (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरून ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, माइकल नेसर, मिशेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड, ब्यू वेबस्टर।

# ऊंची कीमत दबाव नहीं, अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है : दीप्ति शर्मा

**मुंबई**। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा के सितारे इन दिनों बुलंदी पर हैं। अपनी दमदार बल्लेबाजी और घातक गेंदबाजी से भारत को विश्व कप 2025 में चैंपियन बनाने वाली दीप्ति शर्मा टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई थीं। महिला प्रीमियर लीग 2026 के लिए हुई नीलामी में वह सबसे महंगी खिलाड़ी बनकर उभरीं। मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान दीप्ति ने कहा कि उन पर बड़ी कीमत का कोई अतिरिक्त दबाव नहीं है। मीडिया से बात करते हुए दीप्ति शर्मा ने कहा, "जब आपको इतनी ऊंची बोली मिलती है और कहीं न कहीं आपके मन में यह बात होती है कि इतने सारे लोग आपको देख रहे हैं, तो आपको अपनी फ्रेंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन करना है। ऊंची कीमत मुझ पर दबाव नहीं बनाती, बल्कि अच्छा करने के लिए प्रेरित करती है। मुझे हमेशा मुश्किल हालात का सामना करना, टीम के लिए अपना बेस्ट देना और उस पल का मजा लेना पसंद है।" दीप्ति शर्मा 2023 से 2025 तक यूपी वॉरियर्ज का ही



हिस्सा रहीं। पिछले सीजन वह टीम की कप्तान भी थीं। अगले सीजन के पहले यूपी वॉरियर्ज ने उन्हें रिलीज कर दिया था। उस समय चर्चा थी कि इतने बड़े ऑलराउंडर को टीम कैसे रिलीज कर सकती है। महिला प्रीमियर लीग 2026 के लिए हुई नीलामी में यूपी वॉरियर्ज ने दीप्ति शर्मा के लिए आरटीएम का इस्तेमाल किया और 3.20 करोड़ में अपने साथ जोड़ा।

महिला प्रीमियर लीग के इतिहास में दीप्ति शर्मा पहली खिलाड़ी हैं जिनके लिए आरटीएम का इस्तेमाल हुआ। दीप्ति पिछले तीन सीजन में यूपी वॉरियर्ज के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में रही हैं। दीप्ति ने तीन सीजन के 25 मैचों में 507 रन बनाए हैं और 27 विकेट लिए हैं। दिग्गज ऑलराउंडर को इतनी बड़ी कीमत मिलने की वजह विश्व कप 2025 में उनका बेहतरीन प्रदर्शन भी है। दीप्ति शर्मा 9 मैचों में 22 विकेट लेकर सफलतम गेंदबाज रही थीं। वहीं 9 मैचों की 7 पारियों में उन्होंने 215 रन बनाए थे।

# शादी की खुशियां मातम में बदली... दुल्हन के माता-पिता और चाची की सड़क हादसे में मौत

## दो रिश्तेदार गंभीर हालत में घायल, पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ किया मामला दर्ज

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

एक भीषण सड़क दुर्घटना ने एक खुशहाल शादी वाले घर को गहरे मातम में बदल दिया। पक्खोवाल रोड स्थित स्टेलन मनोर पैलेस में विवाह समारोह के बाद जब दुल्हन की डोली जालंधर की ओर रवाना हुई, तभी लाडोवाल तक पुहंचते ही उन्हें हादसे की खबर मिली। हादसे का पता चलते ही दुल्हन गजल की डोली बीच रास्ते से ही वापस घटनास्थल की तरफ मुड़ गई। कुछ ही घंटों पहले जिस घर में रिश्तेदारों का तांता लगा हुआ था और शहनाइयों की गूंज थी, वहां अचानक सन्नाटा छा गया और कोहराम मच गया।

सरहिंद स्थित नंदा मोटर्स का जाना-माना परिवार अपनी बेटी गजल की शादी सम्पन्न होने के बाद इनोवा क्रिस्टा में सरहिंद लौट रहा था। कार में दुल्हन के पिता अशोक कुमार नंदा उर्फ अशोका, माता किरण नंदा, चाची रेनू बाला, मोहन कुमार नंदा और उनकी पत्नी शर्मीली नंदा सवार थे।

उनके पीछे एक अन्य कार में रिश्तेदार नरेश कुमार अरोड़ा अपने परिवार के साथ चल रहे थे। नरेश अरोड़ा ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि रात करीब साढ़े दस बजे के आसपास उनकी गाड़ियां पिंड खाकट स्थित जाइडि फैब्रिक लिमिटेड के पास पहुंचीं। तभी आगे चल रहा ट्रक चालक बिना किसी संकेत के अचानक ब्रेक लगा देता है। पीछे चल रही इनोवा तेज रफ्तार में होने के कारण सीधे ट्रक के पीछे जा भिड़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और गाड़ी कई मीटर तक घिसटती चली गई। जोरदार आवाज सुनकर फैक्ट्री के कर्मचारियों और राहगीरों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को कार से बाहर निकालने की कोशिश की।





सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त कार। -समर न्यूज़

### अस्पताल पहुंचने से पहले ही तीन ने तोड़ा दम

*घटना में कार सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अशोक नंदा, उनकी पत्नी किरण नंदा और चाची रेनू बाला की हालत इतनी नाजुक थी कि उन्हें अस्पताल ले जाते समय ही मौत हो गई। वहीं, मोहन कुमार नंदा और शर्मीली नंदा को पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति देखते हुए उन्हें अपोलो अस्पताल रेफर किया गया। दोनों की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है।*

▪ **डोली बीच रास्ते से लौटी, परिवार सदमे में...** *दुल्हन गजल की डोली जैसे ही लाडोवाल पहुंची, हादसे की सूचना मिलते ही काफिला रुक गया। परिजनों ने रोते-बिलखते उसे परिवार के साथ तुरंत सरहिंद वापस भेज दिया। घर पहुंचते ही माहौल ऐसा था जिसे किसी भी शब्द में बयान नहीं किया जा सकता। कुछ ही घंटों के अंतराल में एक घर में खुशी के गीतों से मातम की चीखें गूंजने लगीं। रिश्तेदारों, पड़ोसियों और परिचितों का तांता लग गया। सरहिंद ही नहीं, पूरी इंडस्ट्री और इलाके में इस घटना से गहरा शोक फैल गया है।*

▪ **ट्रक चालक फरार...**
*टक्कर के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। थाना साहनेवाल पुलिस ने मौके से ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की पहचान शुरू कर दी है। पुलिस ने नरेश अरोड़ा के बयान पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सब-इंस्पेक्टर जसप्रीत सिंह के अनुसार प्राथमिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार और ट्रक चालक का अचानक ब्रेक लगाना पाया गया है। टक्कर के बाद इनोवा का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया था। एयरबैग खुलने के बावजूद झटका इतना तेज था कि वाहन में बैठे लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गाड़ी के परखच्चे दूर-दूर तक बिखरे पड़े थे।*

# बिना टिकट 44 हजार 715 रेल यात्रियों से 03.16 करोड़ वसूला



ट्रेन में यात्रियों की टिकट चेक करते हुए टीटी। -समर न्यूज़

सुनील शिंगार | लुधियाना
समर न्यूज़

बिना टिकट ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों पर नकेल कसने के लिए फिरोजपुर मंडल में लगातार सख्ती बरती जा रही है। इसी के चलते नवंबर महीने में फिरोजपुर मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा 44 हजार 715 ऐसे यात्रियों को काबू किया गया जो कि बिना टिकट रेल यात्रा कर रहे थे। इन पकड़े गए बिना टिकट यात्रियों से जुर्माने के तौर पर लगभग 03.16 करोड़ का राजस्व वसूल किया गया। फिरोजपुर मंडल द्वारा नवम्बर, 2025 के दौरान टिकट चेकिंग द्वारा अर्जित राजस्व पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है एवं मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा दिए गए निर्धारित टारगेट से 24 प्रतिशत अधिक अधिक राजस्व अर्जित किया गया। मंडल के डीआरएम संजीव कुमार ने बताया कि फिरोजपुर मंडल में टिकट चेकिंग अभियान जारी रहेंगे। टिकट चेकिंग का मुख्य उद्देश्य रेलवे टिकटों की बिक्री में सुधार और बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्रियों से जुर्माना वसूल करना ताकि वे भविष्य में उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। वहीं फिरोज़पुर मंडल के सीनियर डीसीएम परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि यह उपलब्धि मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ की सक्रियता, समर्पण और सतत प्रयासों का परिणाम है।

# साहनेवाल डेहलों रोड पर दर्दनाक हादसा हुआ, एक्टिवा सवार व्यक्ति की हुई मौत

शेखर वर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

साहनेवाल डेहलों रोड पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 45 वर्षीय व्यक्ति पंकज रतन की मौत हो गई। हादसा सुबह करीब साढ़े आठ बजे निरंकारी भवन के सामने हुआ।



मृतक।

जानकारी के अनुसार, पंकज रतन अपने बेटे को काम पर छोड़कर एक्टिवा से घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक दिल्ली नंबर की तेज रफ्तार कार ने उनकी एक्टिवा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक्टिवा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसके टुकड़े सड़क पर बिखर गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर लगते ही पंकज रतन सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

मौके पर मौजूद सुयश ने बताया कि कार में दो युवक सवार थे। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि दूसरे युवक मौके पर से भाग गया। पंकज रतन पहले एक कार एजेंसी में सेल्समैन थे और वर्तमान में एक प्रिंटिंग प्रेस में काम कर रहे थे। उनके परिवार में पत्नी, बेटा शिव रतन और बेटी अधिति रतन हैं। हादसे की खबर मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। अधिकारियों के अनुसार, परिवार के बयान लिए जा रहे हैं और आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि दुर्घटना की असली वजह सामने लाई जा सके।

## जमीन हथियाने की साजिश में धमकी के संदेश भेजे, मामला दर्ज

**लुधियाना** | थाना हैबोवाल पुलिस ने अश्लील और धमकी भरे व्हाट्सऐप संदेश भेजकर जमीन पर कब्जा करने की कोशिश के आरोप में गुरदासपुर के महादेव कलां निवासी जसप्रीत सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता गुरजीत सिंह ने बताया कि आरोपी लगातार अभद्र और डराने वाले संदेश भेज रहा था, जिससे वह और उसका परिवार मानसिक तनाव में आ गए। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी का उसकी पुत्रवधु के साथ संबंध है और दोनों मिलकर उसकी जमीन हड़पने की योजना बना रहे थे। गुरजीत ने अपनी जान को खतरा भी बताया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# गड्ढों में समाया विकास, सड़कें बनी लोगों की दुश्मन

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़



टूटी हुई सड़क की फोटो। -समर न्यूज़

शहर की सड़कों का हाल दिनों-दिन बिगड़ता जा रहा है। टूटी सड़कों और गड्ढों से परेशान लोगों की शिकायतें सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रही हैं पर निगम से लेकर पार्षद और विधायकों तक किसी का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा। हालात यह हैं कि पैचवर्क भी अधूरा छोड़ दिया गया है। जहां सड़क पूरी बननी थी वहां पैच लगा दिए गए और जहां पैच की जरूरत थी वहां पूरी सड़क बना दी गई। सबसे खराब स्थिति बस्सी अस्पताल से चंदर नगर की ओर जाने वाली सड़क की है। इसी रूट से डीएमसी समेत कई बड़े अस्पतालों का रास्ता भी जुड़ता है। सड़क टूटने से मरीजों और एंबुलेंस को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोशल मीडिया पर स्थिति उजागर होने के बाद भी नगर निगम के अधिकारी मरम्मत को लेकर सुस्त ही दिख रहे हैं। एक्सईएन संजीव शर्मा का कहना है कि बस्सी अस्पताल वाली सड़क का काम कुछ दिनों में शुरू कर दिया जाएगा शिकायत मिल चुकी है।

▪ **वार्ड-69 की सड़कों की हालत सोशल मीडिया पर वायरल**
पार्षद पति सन्नी भल्ला ने वार्ड-69 की जर्जर सड़कों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर निगम पर बड़े सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि जून में 1.59 करोड़ की लागत से रातों-रात बनाई गई सड़कों का आज बुरा हाल है। महज छह महीनों में सड़कें उखड़ गईं लेकिन न ठेकेदार से जवाब लिया गया, न पैचवर्क किया गया। सन्नी भल्ला ने एसडीओ, जेई, एक्सियन और निगम कमिश्नर पर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यह जनता के पैसों की खुलेआम बर्बादी है। किचलू नगर, लाइंस क्लब रोड, पीएयू गेट-4 और प्रिंस हॉस्टल रोड की स्थिति भी बेहद खराब बताई जा रही है। आरोप ये भी हैं कि निगम ने दो ठेकेदारों को मनमर्जी से टेंडर दे दिए, जबकि नियमों के अनुसार कम से कम तीन बिडर का होना जरूरी है। इससे पूरे मामले में मिलीभगत की आशंका बढ़ गई है। मामले पर एसई शाम लाल गुप्ता से संपर्क किया गया तो उन्होंने मोबाइल की बैटरी लो होने का हवाला देकर फोन काट दिया।

## पीएसी ने बुड्ढा दरिया मामले में प्रशासन के खिलाफ एनजीटी का दरवाजा खटखटाया

# पीएसी का आरोप, निर्देशों का लगातार उल्लंघन कर रहे अधिकारी

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

बुड्ढा दरिया और उसके बफर जोन में जारी अवैध निर्माण को लेकर पब्लिक एक्शन कमेटी (पीएसी) ने जिला उपायुक्त (डीसी) और नगर निगम कमिश्नर के खिलाफ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में अवमानना याचिका दायर की है। पीएसी का आरोप है कि दोनों अधिकारी जुलाई 2025 में एनजीटी द्वारा दिए गए स्पष्ट निर्देशों का लगातार उल्लंघन कर रहे हैं। ीएसी सदस्यों कुलदीप सिंह खहरा और इंजीनियर जसकीरत सिंह ने बताया कि एनजीटी ने साफ निर्देश दिए थे कि बुड्ढा दरिया में किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं किया जाएगा और पर्यावरण संरक्षण के लिए एक उच्चस्तरीय संयुक्त समिति भी बनाई गई थी। इसके बावजूद कई स्थानों पर बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण खुलेआम जारी है। इंजीनियर कपिल अरोड़ा और डॉ. अमनदीप सिंह बैंस ने बताया कि नगर निगम की ओर से बुड्ढा दरिया के जल प्रवाह क्षेत्र में आरसीसी रिटेनिंग वॉल और बफर जोन जो केवल ग्रीन बेल्ट के लिए निर्धारित है पर सड़क निर्माण किया जा रहा है। अवैध निर्माण के लिए पेड़ों की कटाई, जंगली वनस्पति का हटाया जाना और नदी तल की खुदाई कर उसकी चौड़ाई कम करने जैसे गंभीर उल्लंघन भी किए गए हैं। यह गतिविधियां चांद सिनेमा पुल, शिवपुरी पुल, गौ घाट, जीटी रोड और ताजपुर रोड सहित कई इलाकों में देखी गईं।



बुड्ढा दरिया की फोटो।

गुरप्रीत सिंह और मोहित सागर ने बताया कि पीएसी ने जिला मैजिस्ट्रेट को कई बार तस्वीरों और ग्राउंड रिपोर्ट के साथ शिकायतें भेजीं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, नगर निगम कमिश्नर ने भी निर्माणों को जारी रहने दिया। पीएसी का कहना है कि यह एनजीटी एक्ट की धाराओं 25, 26 और 28 के तहत अवमानना और कर्तव्य उल्लंघन का मामला बनता है। पीएसी ने आरोप लगाया कि 1 अगस्त 2025 को राज्यसभा सांसद संत बलबीर सिंह सीचेवाल की टीम और नगर निगम अधिकारियों द्वारा बुड्ढा दरिया किनारे प्राकृतिक वनस्पति और पेड़ों का बड़े पैमाने पर नाश किया गया, साथ ही नदी तल से निकाली गई जहरीली स्लज को वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित करने के बजाय किनारे पर ही फैला दिया गया। कानूनी नोटिस भेजने के बावजूद अवैध गतिविधियां नहीं रुकीं।

# मनी राम बलवंत राय के स्टोर पर सीजीएसटी की रेड

## कई घंटों तक चली जांच, महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना के पविलियन चौक स्थित मशहूर मनी राम बलवंत राय के स्टोर पर सोमवार को सीजीएसटी विभाग की टीम ने अचानक दबिश दी। अधिकारियों के पहुंचते ही स्टोर को बंद कर दिया गया और अंदर-बाहर की आवाजाही पर रोक लगा दी गई। देर रात तक चली इस कार्रवाई के बाद मंगलवार सुबह भी विभाग की टीम स्टोर में मौजूद दिखाई दी। सूत्रों के मुताबिक, अधिकारियों ने टैक्स से जुड़े दस्तावेजों और लेन-देन रिकॉर्ड की गहन जांच की। इस दौरान स्टोर के कर्मचारियों से पूछताछ की गई और कंप्यूटर सिस्टम की भी विस्तृत जांच की गई। बताया जा रहा है कि टीम अपने साथ कई महत्वपूर्ण दस्तावेज कब्जे में लेकर गई है, हालांकि विभाग की ओर से अब तक किसी भी तरह की आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है। पूरी रात स्टोर सील रहा और कोई भी कर्मचारी अंदर-बाहर नहीं जा सका। लंबे समय तक चली कार्रवाई को लेकर इलाके में व्यापारी वर्ग में चर्चा बनी रही और पविलियन चौक पर पूरे घटनाक्रम को लेकर दिनभर उत्सुकता रही। मंगलवार सुबह जांच पूरी होने के बाद स्टोर को दोबारा खोल दिया गया। इसके साथ ही ग्राहक सामान्य रूप से खरीदारी करते दिखाई दिए, लेकिन व्यापारी क्षेत्र में अब भी यह सवाल बरकरार है कि इतनी लंबी चली छापेमारी के पीछे क्या कारण थे और क्या आगे विभाग कोई और कदम उठाने वाला है।




मनी राम बलवंत राय स्टोर। -समर न्यूज़

# वेटरनरी यूनिवर्सिटी को मिला उच्च क्वालिटी का मुर्रा नस्ल का सांड



समर न्यूज़ | लुधियाना

मुर्रा भैंस की नस्ल सुधारने के प्रयासों को मजबूत करते हुए गुरु अंगद देव वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी लुधियाना को हरियाणा के प्रसिद्ध डेयरी किसान शिव कुमार रेड्डू ने मुर्रा नस्ल का बेहतरीन क्वालिटी का एक साल का सांड तोहफे में दिया है। बिना किसी कीमत के मिले इस सांड की खानदानी परफॉर्मेंस और पीढ़ियों का प्रोडक्शन रिकॉर्ड बेहद उत्कृष्ट माना जा रहा है। इस सांड को रिसीव करने के लिए डायरेक्टर एक्सटेंशन एजुकेशन डॉ. रविंदर सिंह ग्रेवाल के नेतृत्व में एक डेलीगेशन ने जिला हिसार के गांव बालक स्थित रेड्डू के फार्म का दौरा किया। इस अवसर पर गांव के सरपंच कृष्ण रेड्डू, पूर्व सरपंच साधु राम रेड्डू, गांव की गौशाला के प्रेसिडेंट महावीर तथा कई स्थानीय समाजसेवी मौजूद रहे। वाइस चांसलर डॉ. जतिंदर पाल सिंह गिल ने इस पहल को यूनिवर्सिटी और डेयरी सेक्टर दोनों के लिए बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि एक किसान भाई द्वारा इतनी उच्च नस्ल का सांड यूनिवर्सिटी को दान करना प्रेरणादायी है और इससे साइंटिफिक व टिकाऊ नस्ल सुधार कार्यक्रम को नई गति मिलेगी। सांड की मातृ रेखा भी इसकी उच्च क्वालिटी को प्रमाणित करती है। इसकी मां का कुल दूध उत्पादन 3600 किलोग्राम है, जबकि अधिकतम दैनिक उत्पादन 17.746 किलोग्राम दर्ज है।

# वेटरनरी यूनिवर्सिटी ने नेशनल लेबोरेटरी बोर्ड से एक्रेडिटेशन लेने के बारे में अवेयरनेस दी

समर न्यूज़ | लुधियाना

गुरु अंगद देव वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी के एनिमल न्यूट्रिशन विभाग ने नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज (एनएबीएल), नई दिल्ली के सहयोग से सोमवार को गुणवत्ता यात्रा अवेयरनेस प्रोग्राम ऑन नेशनल लेबोरेटरी एक्रेडिटेशन विषय पर सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम में लेबोरेटरी एक्रेडिटेशन प्रक्रिया उसके महत्व और गुणवत्ता मानकों पर विस्तार से चर्चा की गई। वाइस-चांसलर डॉ. जतिंदर पाल सिंह गिल ने मुख्य अतिथि के रूप में सेमिनार का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एनएबीएल एक्रेडिटेशन से लैब टेस्टिंग सर्विसेज की विश्वसनीयता और अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता बढ़ती है। उन्होंने सभी विभागों को वैज्ञानिक ईमानदारी, पारदर्शिता और मजबूत गुणवत्ता प्रथाओं को अपनाने की अपील की। तकनीकी सत्र में एनएबीएल की जॉइंट डायरेक्टर डॉ. भूमि राजगुरु ने एक्रेडिटेशन फ्रेमवर्क पर प्रस्तुति दी। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप लेबोरेटरी परफॉर्मेंस सुधारने में एक्रेडिटेशन की भूमिका को रेखांकित किया। वहीं डिप्टी डायरेक्टर डॉ. इति सक्सेना ने एक्रेडिटेशन की आवेदन प्रक्रिया, ऑनलाइन पोर्टल, दस्तावेजी आवश्यकताओं और संबंधित प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।




सेमिनार के दौरान जानकारी देते डॉक्टर। -समर न्यूज़

**मेडिकल कैंप** | जेपी नड्डा के जन्मदिन पर मेडिकल कैंप में फ्री दवाइयां वितरित की गई

# भाजपा कार्यालय में लगाया गया निशुल्क आयुर्वेदिक मेडिकल कैंप

शेखर वर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के जन्मदिन के अवसर पर विधानसभा सेंट्रल के भाजपा कार्यालय में निशुल्क आयुर्वेदिक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप पंजाब भाजपा कोषाध्यक्ष गुरदेव शर्मा देबी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कैंप में आयुर्वेदिक मेडिकल अधिकारी डॉ. मोहनदीप कौर और उपवैद्य कुलविंदर सिंह ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें मुफ्त दवाइयां वितरित कीं। कैंप में सैकड़ों लोग पहुंचे और आयुर्वेदिक उपचार, रोगों की रोकथाम, स्वस्थ जीवनशैली और दिनचर्या संबंधी जानकारी भी प्राप्त की।




आयुर्वेदिक कैंप में मरीजों को दवाइयां देते हुए डॉक्टर। -समर न्यूज़

गुरदेव शर्मा देबी ने कहा कि जेपी नड्डा का जन्मदिन सेवा कार्यों के माध्यम से मनाना समाज सेवा और जनहित के प्रति कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने नड्डा के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की और कहा कि उनकी राष्ट्रहित और सेवा-भावना सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर शिवाजी नगर मंडल, माधोपुरी मंडल, किदवई नगर मंडल और सुभानी बिल्डिंग मंडल के पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम के सुचारू संचालन और लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में सहयोग किया। कार्यक्रम ने स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 88